


MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 339 | ग्वालियर, 4 अक्टुबर बुधवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### नेपाल में भूकंप के तेज झटकों से गिरीं इमारतें





**नई दिल्ली।** नेपाल और उत्तर भारत में मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं. भूकंप का केंद्र नेपाल था. एक दो बार नहीं बल्कि चार बार नेपाल की धरती डोली है. रिक्टर स्केल के अनुसार इसकी सबसे ज्यादा तीव्रता 6.2 आंकी गई है. नेपाल में कई इमारतें धराशाही हो गई हैं, जबकि बिल्डिंग के मलबे में कई लोग दब गए हैं. दिल्ली एनसीआर समेत देश के कई राज्यों में इसका असर देखने मिला है. आपको बता दें कि नेपाल में धरती हिलते ही लोग घरों से निकलकर खुले आसमान के नीचे आ गए हैं. भूकंप के बार बार लगे झटकों से लोग भयभीत हैं. भूकंप की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि नेपाल के बझांग की कई इमारतें भरभरा कर गिर पड़ी हैं. इमारतों के मलबे में कई दब गए हैं. स्थानीय प्रशासन की टीम दबे लोगों को मलबे से निकालने की कोशिश कर रही है. हालांकि, खबर लिखने तक किसी व्यक्ति की मौत की सूचना नहीं आई है. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, नेपाल में 4.6 तीव्रता का पहला भूकंप दोपहर 2ः25 बजे आया था. थोड़ी देर बाद ही 6.2 तीव्रता का दूसरा भूकंप दोपहर 2ः51 बजे और 3.6 तीव्रता का तीसरा भूकंप आया. इसके बाद नेपाल में शाम 3.19 बजे 3.1 तीव्रता वाला चौथा भूकंप आया था. भूकंप के बार-बार लगे झटकों का असर उत्तर भारत में दिखा. नेपाल के साथ उत्तर भारत में लोग डरे हुए हैं.

### भौतिकी में नोबेल पुरस्कार का ऐलान इन तीन लोगों को मिला सम्मान



**नई दिल्ली।** भौतिकी का नोबेल पुरस्कार इस साल संयुक्त रूप से पियरे ऑगस्टिनी, फेरेंस क्राउसज और एनी एल हुलियर को मिला है. इलेक्ट्रॉन्स पर अध्ययन को लेकर उन्हें यह सम्मान दिया गया है. ये अवॉर्ड उन खास वैज्ञानिक तरीकों के लिए है, जिसमें पदार्थ में इलेक्ट्रॉन की गतिशीलता का अध्ययन प्रकाश के एटोसेकंड पल्स किए गए. एनी हुलियर फिजिक्स के इस क्षेत्र में नोबेल जीतने वाली पांचवीं महिला बनी हैं. बीते साल भौतिकी का नोबेल पुरस्कार संयुक्त रूप से अलेन अस्पेक्ट, जॉन एफ क्लाउसर और एंटन जिलिंगर को दिया गया था. अलेन अस्पेक्ट फ्रांस के भौतिक विज्ञानी हैं, वहीं जॉन एफ क्लाउसर अमेरिका और एंटन जिलिंगर ऑस्ट्रिया के वैज्ञानिक रहे हैं. इन वैज्ञानिको के प्रयोगों ने क्वांटम सूचना के आधार पर नई तकनीक का रास्ता साफ किया था. बीते दिनों फिजियोलॉजी या मेडिसिन क्षेत्र के विजेताओं का ऐलान किया गया। इस वर्ष कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को चिकित्सा को यह सम्मान मिला। इन्हें न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से खोजों के लिए मिला। इस खोज की वजह से कोरोना वायरस यानी सीओवीआईडी-19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास में मदद मिली। बीते वर्ष स्यूकुरो मानेबे, क्लॉस होसेलमैन और जियोर्जियो पेरिसी को भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था. उन्हें यह पुरस्कार जटिल भौतिक प्रणालियों को लेकर हमारी समझ को विकास करने को लेकर दिया गया

### दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण से राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में अक्टूबर का माह की शुरुआत हल्की ठंड से हो चुकी है. मगर गुलाबी ठंड के



साथ ही देश की राजधानी दिल्ली में प्रदूषण बड़ी समस्या बनकर उभरा है. दिल्ली सरकार समय से पहले ही सक्रिय हो गया है. दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता यानि एयर क्वालिटी खराब न हो इसे लेकर केजरीवाल सरकार ने विंटर एक्शन प्लान बनाया है. कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने एक अक्टूबर से ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान लागू कर दिया है. बीते साल के मुकाबले प्रदूषण के स्तर में कमी देखी जा रही है. दिल्ली ने जनवरी-सितंबर 2023 की समय सीमा के लिए सबसे अच्छा बेहतर दर्ज किया है.

जगदलपुर में बोले पीएम मोदी

# अपराध के मामले में छत्तीसगढ़ और राजस्थान में स्पर्धा चल रही



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों चुनावी राज्यों का तेजी से दौरा कर रहे हैं. पीएम मोदी लगातार मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना का दौरा करने में लगे हुए हैं. इस कड़ी में आज पीएम मोदी सबसे पहले छत्तीसगढ़ के जगदलपुर पहुंचे. पीएम मोदी ने सुबह 11 बजे जगदलपुर विमानतल पर पहुंचे. इसके साथ राजपरिवार के सदस्यों के साथ मां दंतेश्वरी के दर्शन किए. पीएम मोदी कार्यक्रम स्थल पर गए. उन्होंने 26 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में भाजपा की परिवर्तन महासंकल्प रैली को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस सरकार निशाना साधा. उन्होंने कहा, 'अगर छत्तीसगढ़ को कांग्रेस ने कुछ दिया है तो केवल घोटालेबाज सरकार दी है. कांग्रेस लगातार झूठा प्रचार कर रही है. छत्तीसगढ़ में अपराध चरम पर है. ऐसे में छत्तीसगढ़ बदलाव की बात कर रहा है. पीएम मोदी ने कहा,'छत्तीसगढ़ के जन-जन की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भाजपा संकल्पित है. पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अपराध का बोलबाला है. अपराध के मामले में छत्तीसगढ़ और राजस्थान में स्पर्धा चल रही है. इन हत्याओं में छत्तीसगढ़ आगे है. कांग्रेस के कारनामों से छत्तीसगढ़ त्रस्त है. चारों हो चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोल-बाला है. लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का कोई भी मंत्री, सीएम और ना ही उप मुख्यमंत्री पहुंचा. इस बात पर पीएम ने जगदलपुर के लालबाग में आयोजित परिवर्तन महासंकल्प रैली को संबोधित करते हुए, बघेल सरकार पर हमला किया. उन्होंने कहा, 'छत्तीसगढ़ का एक भी मंत्री नहीं आया, सीएम नहीं आया. डिप्टी सीएम नहीं आया. ये आपका भला चाहते तो कार्यक्रम में हिस्सा जरूर लेते. ये सरकार बचाने में लगे हुए हैं, वे आने से डरते हैं. जगदलपुर में पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस की तुलना में भाजपा सरकार पांच गुना अधिक बजट देती है. भाजपा सरकार ने ही 15 नवंबर यानी भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन को जनजातीय दिवस घोषित किया. जनजातीय वर्ग के छात्रों को दी जा रही छात्रवृत्ति को ढाई गुना किया है. पीएम मोदी ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस धान की कीमत के नाम पर झूठ बोल रही है. छत्तीसगढ़ के किसानों का धान का हर दाना मोदी सरकार खरीद रही है. आज आयुष्मान भारत के तहत बस्तर सहित अन्य जगहों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर आरंभ किए गए हैं. ये पहली बार वोट डालने जा रहे हैं, उन्हें एक बात को जरूर जानना चाहिए, पहले की कांग्रेस सरकार में घोटाले की चर्चा हुआ करती थी. अब देश के गौरव की चर्चा हो रही है. बस्तर के जगदलपुर से पीएम मोदी बोले, यहां विकसित स्टील प्लांट में 55,000 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा. यहां पर ज्यादा इस्पात उद्योग स्थापित होंगे. इससे एक लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार प्राप्त होगा. आने वाले सालों में देश भर से युवाओं की भीड़ रोजगार को लेकर बस्तर पहुंचेगी. इसके बाद पीएम तेलंगाना के दौरे पर होंगे. दोपहर के तीन बजे करीब पीएम मोदी तेलंगाना के निजामाबाद जाएंगे. यहां पर वे बिजली, रेल व स्वास्थ्य जैसे अहम विभागों करीब 8000 करोड़ की परियोजनाओं का का लोकार्पण करने वाले हैं. इसके साथ भाजपा की बैठक को संबोधित करने वाले हैं. आपको बता दें कि 1 अक्टूबर को पीएम मोदी तेलंगाना पहुंचे थे. यहां पर पीएम ने तेलंगाना के महबूबनगर में जनसभा को संबोधित किया और चुनावी बिगुल फूंक दिया था.

## दिल्ली समेत उत्तर भारत में भूकंप के तेज झटके



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली समेत पूरे नॉर्थ इंडिया में तेज भूकंप के झटकों से लोग अपने घरों से बाहर निकल आए हैं. इस भूकंप का केंद्र नेपाल के दिपायाल से 38 किलोमीटर दूर जमीन से पांच किलोमीटर की गहराई में था. इस तेज झटके बाद नेपाल से तबाही की तस्वीरें सामने आ रही है. भूकंप इतनी तेज थी कि काफी देर तक धरती हिलती रही. इस भूकंप की तीव्रता की बात करें तो सिस्मॉलोजी के मुताबिक,भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई. आपको बता दें कि सबसे पहले भूकंप के झटके 2 बजकर 25 मीनट पर आई थी. दिल्ली और नोएडा की सोसायटी के लोग अपने घरों से बाहर निकल आए. उत्तर प्रदेश की राजधानी के साथ-साथ सीतापुर, लखीमपुर, बरेली, अमरोहा, पीलीभीत, बिजनौर, बदायूं में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये. उत्तर प्रदेश के अलावा इसका असर उत्तराखंड में भी देखने को मिला, वहां भी लोग डर के मारे सड़कों पर निकल आए. देहरादून, टिहरी, उत्तरी काशी, हरिद्वार और काशीपुर में भी तेज झटके महसूस किये गये. वहीं भूकंप के तेज झटके के बाद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवासियों का हालचाल लिया. सीएम ने ट्वीट करके लिखा, दिल्ली में भी भूकंप के तेज़ झटके महसूस किए गए हैं. आशा करता हूँ कि आप सभी सुरक्षित होंगे. वहीं दिल्ली पुलिस ने जानकारी दी कि राजधानी में कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है. हालांकि नेपाल से दर्दनाक तस्वीरें सामने आ रही हैं, वहां कई घर जमींदोज हो गए हैं. अभी तक इस बात की स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है कि कितने लोग घायल हुए हैं.

## गोवा में जीर्ण-शीर्ण विरासत इमारतों की उपेक्षा कर रही है भाजपा सरकार : यूरी अलेमाओ

**पणजी।** विपक्ष के नेता यूरी अलेमाओ ने मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार पुर्तगालियों के निशान मिटाने के लिए जानबूझकर गोवा में जीर्ण-शीर्ण विरासत इमारतों पर अपना धीमा रुख अपना रही है। यूरी अलेमाओ ने आरोप लगाया, निश्चित है कि भाजपा सरकार ने जानबूझकर गोवा में जीर्ण-शीर्ण विरासत इमारतों पर धीमा रुख अपनाया है, ताकि उन्हें ढहने दिया जा सके। ऐसा प्रतीत होता है कि यह गोवा में पुर्तगालियों का नामोनिशान मिटाने की भाजपा सरकार की कार्यशैली में से एक है। उन्होंने मांग की है कि सरकार तुरंत गोवा की सभी विरासत इमारतों की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए एक कार्य योजना लाए। यूरी अलेमाओ ने कहा, सरकार को आयोजनों पर सार्वजनिक



धन बर्बाद करने के बजाय विरासत संरचनाओं को संरक्षित करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, यह चौंकाने वाली बात है कि संरचनात्मक ऑडिट में उनकी खराब स्थिति की ओर इशारा करने के बावजूद सरकार ने ऐसी सभी इमारतों की मरम्मत के लिए कोई सक्रिय कदम नहीं उठाया है, जिससे रहने वालों के साथ-साथ वहां आने वाले लोगों के जीवन को भी खतरा है। यह कहते हुए कि गोवा को आजाद हुए 60 साल बीत चुके हैं, प्रमोद सावंत ने पहले कहा था, हमें तटीय राज्य से सभी पुर्तगाली निशान मिटा देना चाहिए। सावंत की टिप्पणी की राजनेताओं और नेटिजन्स ने आलोचना की थी, जिन्होंने कहा था कि पुर्तगाली अपनी भूमि से कई चीजें (जैसे काजू और अन्य चीजें) गोवा में लाए थे, जिन्हें मिटाया नहीं जा सकता।

### तेलंगाना में कांग्रेस का नेतृत्व आरएसएस से जुड़े शख्स के हाथ में : केटीआर

**हैदराबाद।** कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामाराव (केटीआर) ने मंगलवार को आरोप लगाया कि तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी आरएसएस नेता रेवंत रेड्डी के तहत काम कर रही है और सांप्रदायिक हिंसा भड़का रही है। उन्होंने दावा किया कि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर सवाल उठाया था कि एक आरएसएस नेता को तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी का प्रमुख क्यों बनाया गया। केटीआर ने पूछा, क्या रेवंत रेड्डी खुलेआम बयान दे सकते हैं कि उन्होंने आरएसएस के लिए काम नहीं किया और वह मुसलमानों से नफरत नहीं करते। केटीआर ने जगतियाल में एक सार्वजनिक बैठक में कहा, कांग्रेस पार्टी एक बूढ़ी लोमड़ी है जो बुरी तरह विफल रही है।

### ईडी ने कलकत्ता हाईकोर्ट से कहा, अभिषेक बनर्जी बुधवार को पूछताछ के लिए हो सकते हैं पेश

**कोलकाता।** ईडी ने पश्चिम बंगाल में स्कूल नौकरी मामले में पूछताछ के लिए तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को बुधवार को एजेंसी के साल्ट लेक कार्यालय में उपस्थित होने का विकल्प दिया है। इस संबंध में सीधे अभिषेक बनर्जी को कोई सूचना देने के बजाय ईडी ने मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति उदय कुमार की खंडपीठ के सामने यह प्रस्ताव रखा। जहां बनर्जी के वकील ने स्कूल नौकरी मामले में ईडी जांच पर न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की एकल-



न्यायाधीश पीठ के 29 सितंबर के आदेश पर स्पष्टीकरण की मांग करते हुए एक याचिका दायर की थी। 29 सितंबर को अपने आदेश में न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने ईडी को निर्देश दिया कि उनकी निर्धारित जांच प्रक्रिया किसी भी कीमत पर बाधित नहीं होनी चाहिए और जांच को आगे बढ़ाने के लिए केंद्रीय एजेंसी कानूनी प्रावधानों के अनुसार कोई भी कदम उठाने के लिए स्वतंत्र होगी। अभिषेक बनर्जी को मंगलवार को स्कूल नौकरी मामले के संबंध में पूछताछ के लिए कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में ईडी के साल्ट लेक कार्यालय में उपस्थित होना था। हालांकि, अभिषेक बनर्जी ने अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट करके यह स्पष्ट कर दिया था कि वह अपनी राजनीतिक व्यस्तता के कारण केंद्रीय एजेंसी कार्यालय में उपस्थित नहीं होंगे, लेकिन उन्होंने ईडी को कोई लिखित सूचना नहीं दी थी। संयोग से ईडी ने बनर्जी को बुधवार को अपने कार्यालय में उपस्थित होने का विकल्प दिया है।

### जयपुर में एक शख्स ने कार के ऊपर खड़े होकर हवा में नोट उड़ाए



**जयपुर।** जयपुर की सड़कों का लोकप्रिय वेब सीरीज मनी हाइस्ट की याद दिलाने वाला एक सीन इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। कार के ऊपर खड़े एक युवक ने हवा में जमकर नोट उड़ाए। जहां रील लाइफ में एक्टर अनिल कपूर नोट (नगदी) जलाते नजर आए थे, वहीं रियल लाइफ में युवक लोगों के बीच नोट फेंक रहा था, जिसे लोग खुलेआम लूट रहे थे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अपने चेहरे को नकाब से ढके हुए व्यक्ति को एक मॉल के सामने लोगों पर नोट बरसाते हुए देखा गया, जिसे पकड़ने वाले लोगों के कारण ट्रैफिक जाम हो गया। उधर, वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। युवक 20 मिनट तक बीच-बीच में 20 रुपये के नोट हवा में उड़ाता रहा। लोगों ने इस घटना को अपने मोबाइल में भी कैद कर लिया। जीटी मार्केट के पास खुली चौकी पर तैनात किसी भी पुलिसकर्मी ने युवक के बारे में जानकारी लेने की कोशिश नहीं की। इसके बाद युवक अपनी कार में बैठकर वहां से चला गया। डीसीपी ईस्ट ज्ञानचंद यादव के मुताबिक, जवाहर सर्किल एसएचओ को वीडियो मामले की जांच करने के लिए कहा गया है। कार नंबर के आधार पर पुलिस युवक के घर पहुंची और उसे शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

## पीएम मोदी का छत्तीसगढ़ और तेलंगाना दौरा, करोड़ों की विकास परियोजनाओं का देंगे तोहफा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो चुनावी राज्यों छत्तीसगढ़ और तेलंगाना का दौरा करेंगे. इस दौरा वह दोनों राज्यों में 34 हजार करोड़ से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे. अपने इस दौरे पर पीएम मोदी छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से राज्य को 26,000 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे. वहीं तेलंगाना के निजामाबाद से आठ हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने का प्रोग्राम है. इन विकास परियोजनाओं में छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के नगरनार में एनएमडीसी का स्टील प्लांट भी शामिल है. वहीं तेलंगाना को एनटीपीसी के तेलंगाना सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के 800 मेगावाट के बिजली उत्पादन इकाई के पहले चरण का भी प्रधानमंत्री मंगलवार को उद्घाटन करेंगे. इसके साथ ही मनोहराबाद और सिद्दीपेट के बीच नई रेल लाइन का उद्घाटन और धर्माबाद-मनोहराबाद एवं महबूबनगर-कुर्नूल के बीच रेल लाइन विद्युतीकरण की भी राष्ट्र को सौगात देंगे.

पीएमओ के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जगदलपुर और दंतेवाड़ा के बीच दोहरीकरण रेल लाइन और अंतागढ़ व तारोकी के बीच नई रेल लाइन का भी आज उद्घाटन करेंगे. वहीं अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बोरीडांड-सूरजपुर रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना और जगदलपुर स्टेशन के पुनर्विकास की



आधारशिला रखेंगे. इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी तारोकी-रायपुर डेमू ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाएंगे. इन रेल परियोजनाओं से राज्य के आदिवासी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार होगा. बेहतर रेल बुनियादी ढांचे और नई ट्रेन सेवा से स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा. जिससे क्षेत्र के आर्थिक विकास में मदद मिलेगी. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग-43 के कुनकुरी से छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा खंड% तक एक सड़क उन्नयन परियोजना को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे. नई सड़क से सड़क कनेक्टिविटी में सुधार होगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को फायदा होगा. छत्तीसगढ़ के बाद पीएम मोदी तेलंगाना के निज़ामाबाद पहुंचेंगे, जहां वह बिजली, रेल और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लगभग 8000 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे. इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में बेहतर ऊर्जा दक्षता के साथ बिजली उत्पादन बढ़ाने की दृष्टि से, एनटीपीसी की तेलंगाना सुपर थर्मल पावर परियोजना के पहले चरण की 800 मेगावाट इकाई को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे. यह तेलंगाना को कम लागत वाली बिजली प्रदान करेगा और राज्य के आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा. यह देश में सबसे अधिक पर्यावरण अनुकूल बिजली स्टेशनों में से एक होगा. इसके साथ ही तेलंगाना के रेल बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने की भी कोशिश है. पीएम मोदी मनोहराबाद और सिद्दीपेट को जोड़ने वाली नई रेलवे लाइन समेत रेल परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे. जिसमें धरमाबाद-मनोहराबाद और महबूबनगर-कुरनूल के बीच विद्युतीकरण परियोजना. 76 किमी लंबी मनोहराबाद-सिद्दीपेट रेल लाइन क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी. इसके साथ ही धरमाबाद-मनोहराबाद और महबूबनगर-कुरनूल के बीच विद्युतीकरण परियोजना से ट्रेनों की औसत गति में सुधार करने में मदद मिलेगी.

# खेल मंत्री ने किया फुटसॉल फुटबॉल ग्राउंड एवं सिंथेटिक एथलेटिक ट्रेक एवं पवेलियन का लोकार्पण

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने आज शिवपुरी शहर के भ्रमण के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। उन्होंने आज श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल परिसर शिवपुरी में मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने फुटसॉल फुटबॉल ग्राउन्ड एवं सिंथेटिक एथलेटिक ट्रेक एवं पवेलियन का लोकार्पण किया गया और स्कूल के बच्चों को खेल के लिए प्रेरित किया एवं खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में करियर बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। विद्यार्थी को चाहिए सर्वप्रथम वह अपने करियर को प्राथमिकता दें, उनके उपरांत ही किसी अन्य कार्य की ओर ध्यान दें। विद्यार्थी खेल के माध्यम से अपने परिवार, समाज, जिला, प्रदेश एवं देश के लिए बहुत कुछ अच्छा कर सकता है। उन्होंने कहा कि जिले के खेल परिसर में बनाए गए फुटसॉल फुटबॉल ग्राउन्ड एवं सिंथेटिक एथलेटिक ट्रेक एवं पवेलियन खिलाड़ियों के लिए



समर्पित किया है। जिससे अपने उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर अपने करियर को नई ऊचाईयों तक पहुंचा सके। जिले के प्रतिभावान युवाओं से अपील भी कि की वे शूटिंग रेंज, हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक जिस र्स्पदा में भी अपना करियर बनाना चाहते है, वे युवा श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल परिसर शिवपुरी में आए उनका स्वागत है। कार्यक्रम में सिंथेटिक एथलेटिक टेक पर बालक एवं बालिका खिलाड़ियों की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न र्स्पदाओं के खिलाड़ियों को मैडल का वितरण भी किया गया। दौड़ प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में दतिया जिले की निवासी राधा यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अर्जित किया। इस मौके पर राज्यमंत्री दर्जा प्रहलाद भारती, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया, चेम्बर ऑफ कोमर्स के अरविंद दीवान, पूर्व विधायक माखन लाल राठौर, भोपाल से उपस्थित सहायक संचालक खेल विकास खड़ारकर एवंसहायक संचालक खेल प्रदीप अष्टइया, जिला खेल अधिकारी के.के.खरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, विभिन्न विद्यालयों के छत्र-छात्राएं, विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ी एवं कोच उपस्थित रहे।

**खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने किया शिवपुरी-झांसी मार्ग का भूमिपूजन**-खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने 12.18 कि.मी. लम्बाई के तथा 3157.94 लाख रुपए की लागत के शिवपुरी-झांसी मार्ग का लोकार्पण किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुंगावली शिशु मन्दिर के कक्षा 10th के भइया जितेंद यादव ने जीता प्रान्त स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल


स्मार्ट सिटी मुंगावली के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भैया ने प्रांतीय एथेलेटिक्स खेल कूद समारोह शारदा बिहार भोपाल में आयोजित हुए जिसमे 100, 200,400, 600, 800, 1500, 3000, ओर 5000 मीटर की दौड़े, गोला फैंक, चक्का फैंक, भाला फैंक, ऊंची कूद, लंबी कूद जैसी कई खेल प्रतियोगिता सामिल रहीं इन मध्य भारत खेल कूद समारोह में पांच विभागों शिवपुरी, राजगढ़, भोपाल, ग्वालियर, ओर नर्मदापुरम के भैया बहिन सामिल रहे। जिसमे शिवपुरी विभाग के अशोकनगर जिले के मूंगावली शिशु मन्दिर के कक्षा 10th के भैया जितेंद यादब ने सभी प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए ऊंची कूद में गोल्ड मेडल जीता और अब जितेंद मध्य क्षेत्र के लिए खेलने जाएंगे छतीसगड़ के बिलासपुर में नगर मुंगावली के लिए यह गौरव के बात है कि एक छोटे से नगर के बालक ने प्रान्त में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता भैया जितेंद की इस उपलब्धि पर उसके खेल आचार्य राधेश्याम उपाध्याय का विशेष योगदान रहा उसकी तैयारी करवाने में भैया जितेंद की इस उपलब्धि पर विद्यालय की संचालन समिति के सभी पदाधिकारीओ ने उसे बधाई ओर शुभकामनाएं दी।



## मंगलम मैं हुए चुनावों को शून्य घोषित करने के लिए दिया कलेक्टर को आवेदन

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** आज कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई मे शिवपुरी की संस्था मंगलम में हुए चुनाव को शून्य घोषित करने का आवेदन जनसुनवाई मे आया है। आरोप है कि मंगलम में 1226 सदस्य है और उनके बिना अनुमति और चुनाव के पुराने डारेक्टरो को ही चुन लिया गया है। मंगलम संस्था गरीब,विकलांग और असहाय लोगो की मदद करने वाली संस्था है इसमें पुरानी बॉडी ने ही कब्जा कर लिया है और वह लगातार इसमें भ्रष्टाचार कर रही है। मंगलम संस्था का चुनाव घोषित करने का आवेदन देने पहुंचे रघुराज सिंह ठाकुर निवासी शांतिनगर ने कहा कि में मंगलम संस्था का सदस्य हूं और शिवपुरी जिले में मंगलम संस्था कि 1226 सदस्य है। मंगलम संस्था में कर्ताधर्ताओं ने बिना किसी सदस्य को सूचना दिए बिना ही मंगलम के संचालक मंडल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव कर लिया है। रघुराज सिंह ठाकुर का कहना था कि जिले के 1226 सदस्य 24 डारेक्टरो का चुनाव मतदान के द्वारा करते और उसके बाद सभी चुने हुए डारेक्टर संचालक मंडल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव करते यही मंगलम संस्था का बायलॉज है। लेकिन समाज सेवी संस्था मंगलम पर चुनिंदा लोगो ने कब्जा कर लिया है। कई सालो से यही इस सस्था पर जमे हुए है। इस बार इन लोगो ने सदस्यों को बिना सूचना दिए हुए चुनाव संपन्न करा लिए जो नियम विरूद्ध है कलेकटर महोदय को मैंने आज एक शिकायती आवेदन सौंपा है कि मंगलम में हुए चुनावों का शून्य कराया जाए और प्रक्रिया के तहत पूनर्चुनाव संपन्न कराए जाए।



## ईवीएम तथा वीवीपैट मशीन के उपयोग की मतदाताओं को दी जानकारी

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप उमराव सिंह मरावी के मार्गदर्शन तथा सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक विजेन्द्र यादव के निर्देशन में कलापथक दल एवं शा.कन्या महाविद्यालय में स्थित एनएसएस के सहयोग के गतदिवस शिवपुरी शहर के एवं एनएसएस के गोद ग्राम करौंदी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शा.कन्या महाविद्यालय की एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर रेनू राय, खण्ड पंचायत अधिकारी दौलत सिंह जाटव, प्रमुख कलाकार विनोद श्रीवास्तव, गिरीश मिश्रा, अनिल आर्य, अजय दीक्षित, कल्लाराम कुशवाह सहित छात्राएं कु.कमलेश, दामिनी, रोना, शिवानी, कनिष्का, सदव, रेशम एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपथित थे।

कार्यक्रम में प्रमुख कलाकार विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत लोग मतदान करें। इसके लिये जिले में ईवीएम वीवीपैट मशीन प्रदर्शन का कार्य किया जा रहा है। ईवीएम तथा वीवीपैट मशीन के उपयोग की जानकारी मतदाताओं को दी जा रही है। ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन का प्रदर्शन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। मतदाताओं को ईवीएम वीवीपैट मशीन प्रदर्शन कर बताया जा रहा है कि बैलेट यूनिट में अपने पसंद के प्रत्याशी के नाम और चुनाव चिन्ह के सामने वाले नीले बटन को दबाना होगा। जिस प्रत्याशी को वोट दिया है उसके नाम चुनाव चिन्ह के सामने वाली लाल लाइट जलेगी। प्रिंटर एक बैलेट पर्ची प्रिंट करेगा जिसमें पसंद के प्रत्याशी के सरल क्रमांक, नाम और चुनाव चिन्ह अंकित होगा। बैलेट पर्ची सात सेकण्ड के लिए दिखेगी उसे बाद कट कर प्रिंटर के ड्राप बाक्स मे गिर जाएगी और एक बीप की आवाज सुनाई देगी। प्रिंट पर्ची को ग्लास में से देखा जा सकता है। बैलेट पर्ची नहीं दिखने एवं बीप की आवाज नही आने पर पीठासीन अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है। ईव्हीएम मशीन में बटन दबाकर वीवीपैट मशीन में जिस प्रत्याशी को मत डाला है। स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इससे अब मतदाता इस बात के लिए निश्चित होगा कि मैने जिसके पक्ष में मत दिया है मतदान वही हुआ है। वीवीपैट मशीन के प्रति मतदाताओं का जहां एक ओर शंकाओ का समाधान हो रहा है वही दूसरी ओर मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। ईवीएम तथा वीवीपैट मशीन के उपयोग की जानकारी मतदाताओं को स्वीप के माध्यम से दी जा रही है।




## विधानसभा में हर क्षेत्र में विकास मेरी पहली प्राथमिकता: भारत सिंह कुशवाह



**अशोक पाठक/9399969531**

**ग्वालियर**-मंगलवार 03 अक्टूबर भदावना धाम में मंत्री भारत सिंह के मुख्यातिथ्य एवं दुर्गेश कुंवर सिंह जाटव जिला पंचायत अध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य में भदावना धाम में लगभग 1 करोड़ 44 लाख रू. के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन के साथ 93 लाख 70 हजार रूं. के उटीला भदावना मार्ग सी.सी. व नाली निर्माण गुर्री का लोकार्पण किया गया इसके साथ ही उटीला से गोसपुरा डामरीकरण निर्माण लगभग 2 करोड 79 लाख का भूमिपूजन माननीय मंत्री भारत सिंह के द्वारा किया गया इस अवसर पर अपने उदबोधन मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि भदावना धाम को अब दुनिया पर्यटन स्थल के रूप में भी जानेगी देश दुनिया के लोग इस पावन धरा पर आएंगे जिससे क्षेत्र के हजारों युवाओं को रोजगार भी मिलेगा कार्यक्रम में राजेन्द्र पाल जनपद अध्यक्ष दिलराज किरार जनपद उपाध्यक्ष दशरथ सिंह मंडल अध्यक्ष केशव सिंह गुर्जर जगदीश सेंथिया सुधाकर पाठक सुनील शर्मा रामनाथ राणा जी गुर्री सरपंच हरेन्द्र राणा हरी सिंह बघेल सोनू पाठक अशोक पाठक नकुल यादव प्रमोद शर्मा बृज मोहन पाठक सहित हजारों की संख्या में क्षेत्र वासी मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## पितरों की आत्मशांति मोक्ष के लिए संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आज से सुरू निकाली गई कलश यात्रा



**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता**

**मालनपुर/** पितरों की आत्मशांति मोक्ष के लिए ब्रह्माकुमारीज द्वारा श्रीमद भागवत कथा का 7 दिवसीय आयोज सेवा केंद्र प्रभारी एवं कथा व्यवस्थापक बी.के. ज्योति ने बताया कि श्राद्ध पक्ष में पितरों को, भागवत जी सुनाने से, उनको बड़ी शांति प्राप्त होती है। इसलिए यह आयोजन किया जा रहा हैप्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से आध्यात्मिक श्रीमद् भागवत गीता का आयोजन गोल्डन वर्ल्ड रिट्रीट सेंटर में किया गया है जिसमें आज परिसर से मालनपुर तक कलश यात्रा निकाली गई ।

जिसमें आदरणीय राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दीपा दीदी जी ने बताया कि गीता सर्वशास्त्र शिरोमणि है सर्व धर्मों का आधार गीता है। आज हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं जहां कहा जाता है अनिश्चितता का समय है व चुनौतियों से भरा समय है जहां हर वक्त व्यक्ति को किसी न किसी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है उस चुनौती को पार करने के लिए कोई ना कोई विधि ढूंढनी आवश्यक है ऐसे समय में श्रीमद्भगवद्गीता हम सबको जीवन जीने की कला सिखाती है । कुछ लोगों का मानना है कि श्रीमदभगवत गीता का ज्ञान हिंसक युद्ध के मैदान में नहीं दिया गया था परमात्मा ने कोई हिंसक युद्ध की प्रेरणा नहीं दी थी यह तो एक मनोयुद्ध की कहानी है , जीवन में जिस प्रकार के संघर्षों से मनुष्य आत्मा गुजरती है उन संघर्षों का समाधान इस श्रीमद्भगवद्गीता के ज्ञान से स्पष्ट हो जाता है । स्वयं निराकार परमात्मा शिव ने गीता में किए गए वायदे अनुसार कि जब सृष्टि पर धर्म गिलानी होगी तब परमात्मा को अधर्म का नाश कर सत् धर्म की स्थापना करने सृष्टि पर अवतरित होना ही पड़ेगा। तत्पश्चात बाल कलाकारों द्वारा श्री कृष्ण अर्जुन संवाद भी दिखाया गया। ग्वालियर से डीएसपी राजकुमार कुशवाहा जी ने श्रीमद् भागवत गीता का सम्मान किया। गोल्डन वर्ल्ड रिट्रीट सेंटर की संचालिका ज्योति दीदी, पोरसा सेवाकेंद्र संचालिका कृष्णा दीदी, डबरा से ब्रह्माकुमारी सीता दीदी जी एवं दीनदयाल नगर, तानसेन नगर से ब्रह्माकुमारी बहनें उपस्थित रहीं।



# ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं, आगामी विधानसभा चुनाव का करेंगे बहिष्कार

**खरगोन से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**

खरगोन ब्लाक के ग्राम घेंगांवा के सेंकड़ों ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं को लेकर आगामी विधानसभा चुनाव का करेंगे बहिष्कार इसी समस्या को लेकर आज खरगोन जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया और ग्रामीणों ने बताया गया की तहसील जिला खरगोन विधानसभा 185 का आने वाले विधानसभा लोकसभा चुनाव में पूर्ण रूप से बहिष्कार करेंगे विगत कई वर्षो से हमारे ग्राम घेंगांवा में तिन सड़कों का निर्माण कार्य आभी तक नहीं हुआ घेगांवा से जाहुर 4,50 किलोमीटर 2 घेगांवा से चितावल 3,50 किलोमीटर घेगांवा से पान्यादड 3 किलोमीटर की सड़कों के निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों अवगत कराया गया था आभी तक हमारी सड़क नहीं बन पाई इसलिए आगामी विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव में ग्राम पंचायत में लगने वाले सभी वोटर मतदान नहीं करेंगे यह हमने निर्णय लिया गया रोड नहीं तो वोट नहीं खरगोन जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाइक का क्या कहना उन्होंने बताया गया की सडके नहीं बनी है विकास नहीं हुआ है भाषणों में विकास हुआ यह शिवराज सरकार की पोल खोलता है इसलिए ग्रामीणों को बाहर निकल कर रोड पर आना पड रहा है मैं समस्त ग्रामीणों से निवेदन करता हूं की कांग्रेस सरकार बन रही है कमलनाथ सरकार बन रही है आप अवशक मतदान करें।

# विजय संभव फाउंडेशन ने आइसर्टिस ग्लोबल कम्पनी के सहयोग से राजकीय विद्यालय थिंडलू में स्टेशनरी वितरित किया

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूरू।** विजय संभव फाउंडेशन ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय थिंडलू बैंगलोर में मंगलवार को वहा उपस्थित सभी बच्चों को शिक्षा की मूलभूत वस्तुएं जैसे कॉपी, पेन, पेंसिल, वाटर बॉटल,इरेजर,शार्पनर इत्यादि वितरित किया। ये सभी स्टेशनरी की वस्तुएं उच्च गुणवत्ता की थी। ये सभी स्टेशनरी को आइसर्टिस ग्लोबल कम्पनी ने अपनी सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) के माध्यम से उपलब्ध कराया। जिसे विजय संभव फाउंडेशन ने सरजापुर के रिमोट क्षेत्र में स्तिथ इस विद्यालय के कक्षा एक से कक्षा सात तक के करीब एक सौ तीस बच्चों को ये स्टेशनरी प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मुरलीधर, विजय संभव फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉक्टर रवि राजहंस, आइसर्टिस ग्लोबल कम्पनी की उपाध्यक्ष सोनाली आनन्द, जनरल मैनेजर मनोज रामानुजन, एचआर मैनेजर राखी पुकले, चेतन पराशर, जितेंद्र कुमार,मनीष खट्टर, सुनील कुमार, राहुल कुमार, नवीन डी, त्रिशाला जैन, एस.डी.एम.सी.अध्यक्ष, और विजय संभव फाउंडेशन के कोर सदस्य विजय शंकर गुप्ता, नीतीश नाथ, डा. प्रणय दिवेदी, चिन्ना, गायक विमल पवार और पूजा चंद्रा देवेंद्र, भुवनेश गुप्ता, दिनेशकुमार, सुजीत साहू, और अभिभावक आदि उपस्थित थे। प्रधानध्यापक ने सभी को अंग वस्त्रम और स्मृति चिन्ह प्रदान कर धन्यवाद ज्ञापित किया। जैसा कि विदित है कि विजय संभव फाउंडेशन शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में समाज में अपना उत्कृष्ट योगदान दे रहा है, फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ रवि राजहंस ने बच्चों को सफल होने और समाज में उनकी महत्तवपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उनका मनोबल बढ़ाया साथ ही साथ बच्चों को मोबाइल एडिक्शन से दूर रहने का भी सलाह दिया।



# गाँव के विकास की राजनीति : रामलाल सैंणचा

**पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा**

**गांधीधाम।** सीरवी समाज के निष्काम कर्मयोगी, सामाजिक सेवार्थ के प्रति समर्पित निष्ठावान कार्यकर्ता,श्रेष्ठ उद्यमी और अनमोल समाज रत्न रामलाल सैणचा निवासी रामपुरा(खैरवा) को अर्पित दिल के भाव~ना जाति की राजनीति करूंगा, ना धर्म की राजनीति करूंगा। कैसे हो मेरे गाँव का विकास मैं उस राजनीति की बात करूंगा।÷ सच्चे अर्थो में आप उक्त भावों को लेकर निस्वार्थ भाव से गाँव के विकास के प्रति अपना सर्वस्व अर्पित कर रहे है। ऐसे सरल सह्रदयी,उदार दिल के धनी एव निष्काम सेवाभावी और शिक्षा प्रेमी समाज रत्न रामलाल सेंणचा को हमारा कोटि-कोटि वन्दन-अभिनंदन। भारत का वास्तविक स्वरूप गाँवो में बसता है। जो लोग अपनी जन्मभूमि के विकास के प्रति त्याग और अर्पण करता है वह सच्चा विकास पुरूष होता है। श्रेष्ठ व्यक्ति सदा आगे बढ़कर औरो के लिए अनुकरणीय उदाहरण बनकर अपना सर्वश्रेष्ठ अर्पित करता है । ऐसे श्रेष्ठ व्यक्ति ही ग्राम को विकास की ओर उन्मुख करते है। सीरवी समाज के श्रेष्ठ उद्यमी और निष्काम कर्मयोगी रामलाल सैणचा ने अपनी त्यागशीलता, कर्तव्यपरायणता समर्पण,सतत कर्मशीलता से अपने ग्राम को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए जो अतुलनीय कार्य किया है वह हम सबके लिए प्रेरणादायी और अनुकरणीय है।आप ग्रामविकास में ग्राम के लोगो को सदा साथ लेकर चलते है।गाँव के लोग भी आपका बढ़-चढ़कर योगदान करते है। आपके अध्यक्ष कार्यकाल में गांव के अंदर एक अच्छा भवन बना तथा दूसरा भवन सामाजिक व धार्मिक कार्यो के लिए बनाया है जहां पार्किंग प्लॉट है। आप पर्यावरण के सच्चे प्रेमी है।आआपको हरियाली से बड़ा प्रेम है।आपने गाँव के चारों तरफ नीम के पेड़ लगाए हुए हैं। बहुत ही अच्छा विकास हुआ है आप भी इस गांव की एक बार मुलाकात जरुर लेवे तब पता चलेगा कि गांव वालों ने मिलकर एक अच्छे व्यक्ति के हाथ में गांव की बागडोर सौंपी, वह कार्य बहुत ही अच्छा करके बताया गांव एक गो-शाला बनाई। इसमें अमराराम आगलेचा आगेवान होकर कार्य हुआ उस गोशाला में लगभग 100 + गो माताओं की सेवा हों रही है गो माता को रहने के लिए टीन शेड लगाया साथ में गोशाला के चारों तरफ पेड़ लगाए। रामलाल सैणचा की सामाजिक सेवार्थ के प्रति गहरी निष्ठा और समर्पण का ही प्रतिफल है कि आप वर्तमान में योगमाया मंदिर उज्जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष और उदयपुर छात्रावास के भी अध्यक्ष पद पर है। आप जैसे सच्चे समाजसेवी सीरवी महासभा के अध्यक्ष हो तो समाज को निश्चित ही लाभ होगा, ऐसा मेरा मानना है। मैं ऐसे व्यक्ति से सदा प्रभावित हूँ जो अपनी जन्मभूमि के विकास के प्रति बड़े व उदार मन से त्याग व अर्पण करते है।मैं ऐसे हर श्रेष्ठ समाजसेवी का वन्दन करता हूँ जो समाजहित के लिए सदा तत्पर रहते है और बड़े मन से अपना सर्वोत्तम योगदान करते है। मैं समाज के अनमोल रत्न एव निःस्वार्थ सेवा भावी एव बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी परम आदरणीय रामलाल सैणचा को ह्रदय से सादर चरण वन्दन करता हूं और माँ श्री आईजी से उनमें उज्ज्वल निरोगमय जीवन की कामना करता हूँ। क्षत्रिय विनोद सिरवी अध्यक्ष-शिवा प्रताप एकता मंच नवी मुंबई।



# जन्मदिन के अवसर पर शिक्षा के लिए बालिका को लिया गोद

## मध्यप्रदेश शिक्षा सहायता कोष में 1200 रुपये की राशि कि भेंट



**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**

**मनावर।** ग्राम निगरानी के युवा सामाजिक कार्यकर्ता धीरेंद्र परिहार ने अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर एक पहल करते हुए अपने परीजन शुभचिंतक एवं इष्ट मित्रों के साथ मनाया अपने जन्मदिन के अवसर पर कुछ दिन पूर्व ही गांव के एक व्यक्ति की करंट लगने से दुर्घटना से मृत्यु हो गए उस परिजन निर्धन परिवार की एक बालीका अंशिका तोमर सुनील तोमर(3)वर्ष पढ़ाई लिखाई का खर्च वहन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर धीरेंद्र परिहार ने अपने प्रेरणा स्रोत दादाजी रूखडुजी परिहार वह अपने परिजनों से आशीर्वाद लेकर परिजन बालिका अंशिका और उसके दादाजी को पुष्प माला पिनाकर सम्मान कर शिक्षा के लिए गोद लेते हुए बालिका की पढ़ाई लिखाई का खर्च परिहार परिवार निगरानी द्वारा खर्च वहन करने का संकल्प लिया साथ ही मध्यप्रदेश शिक्षा सहायता कोस में भी रुपए 1200/- की राशि पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश मुकाती, जिला परगना अध्यक्ष राधेश्याम मुकाती , प्रदेश प्रतिनिधि अशोक राठौर, तहसील अध्यक्ष संदीप सेप्टा को भी भेट करते हुए एक नई शुरुआत एक छोटे से गांव से की है। इस नई पहल की शुरुआत करने पर हरिदास जी ट्रस्ट के उपाध्यक्ष लक्ष्मण जी परिहार पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कुक्षी मुकाम सिंह किराड़े सिर्वी समाज तहसील स्वरक्षक सोहन सोलंकी वीआईपी पूर्व मीडिया प्रभारी मुकेश गेहलोत डेहरी भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम रावत, अजय राठौर पत्रकार विजय राठौर सिंघना भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# जैतवारा में तीन सूत्री मांगों को लेकर व्यापारियों ने किया बाजार बंद का ऐलान

**खरगोन से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**
**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**




सतना जिले के जैतवारा में व्यापारियों ने तीन सूत्री मांगों को लेकर आज एसडीएम तहसीलदार के हाथों मुख्यमंत्री के नाम सोंपे ज्ञापन ज्ञापन में व्यापारी संघ ने जैतवारा को पूर्ण तहसील का दर्जा एवं जैतवारा में बायपास रोड का निर्माण एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने की मांग की व्यापारियों ने ज्ञापन के साथ-साथ 4 अक्टूबर को बाजार बंद का ऐलान किया और कहा कि पूरे बाजार में जुलूस या धरना प्रदर्शन जब तक चालू रहेगा जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी व्यापारियों ने ज्ञापन जैतवारा तहसीलदार परमानंद तिवारी को सोपा ज्ञापन के दौरान जैतवारा थाना से उपनिरीक्षक विजय सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे एवं भारी संख्या में जैतवारा के व्यापारी गण उपस्थित रहे।

# टांडा बरूड़ के ग्रामीणों ने जन सुनवाई में पहुंचकर घटिया निर्माण को लेकर दिया ज्ञापन

सरस्वती शिशु मंदिर रोड श्याम नगर में अंडर ग्राउंड नाली निर्माण कार्य घटिया निर्माण कार्य किया गया है नाली निर्माण का सही तरीके से निकास नहीं दिया गया सही तरीके से खुदाई कार्य नहीं किया गया जिससे गन्दा पानी जमा हो रहा है बराबर पानी निकलने निकास नहीं दिया गया चेंबर भी घटिया बनाये गये नाली निर्माण में पाइप भी घटिया तरीके के लगाए गए है जगह जगह पाइप लाइन फूट है है जिससे गंदा पानी जमा हो रहा है जिससे ग्रामीणों को कही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है नाली निर्माण कार्य तो किया गया लेकिन घटिया तरीके से किया गया है परंतु गंदे पानी की निकासी बराबर नहीं होने से होने से गन्दा पानी रोड़ पर बह रहा है और मच्छरों का जमावड़ा लगने से ग्रामीणों को बिमार पड़ने जेसे हालात हो गये इस जगह पर रहवासीभी रहते हैं और किसानों के खलियान भी है जो किसानों के द्वारा अपनी उपज खेतों से लाकर खलियानों में रखते है ट्रेक्टर छोटे वाहनों से उपज लाते हे लेकिन ग्रामीणों के द्वारा बताया गया की हमारे वाहन घटिया निर्माण के होने से हमारे वाहन फस रहे है सरपंच सचिव सहायक सचिव को कही बार आवगत करने के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है कहते हैं जब भी ग्राम पंचायत जाते है तो हमे भगा देते है हम ग्रामीणों की मांग है की घटिया निर्माण कार्य नाली निर्माण कार्य किया गया है उसकी जांच होना चाहिए ओर दौषीयो पर कार्यवाही होना चाहिए ग्रामीण नरेंद्र सूर्यवंशी दिनेश कुमरावत जितेंद्र कुमरावत गजानंद कुमरावत होसीलाल कुशवाह जगदीश दवाने विजय निहाले।



# तन्वी पटेल ने अंतर्राष्ट्रीय ब्लैक बेल्ट डैन 1 में पाया प्रथम स्थान

## राष्ट्रमंडल कराटे के अध्यक्ष और विश्व कराटे महासंघ के तकनीकी निदेशक हंसी सोनी पिल्ली ने किया सम्मानित

**हमेश कटरे पुष्पांजली टुडे न्यूज**





**बालाघाट।** कराटे ब्लैक बेल्ट परीक्षा 2 अक्टूबर 2023 को मोंटफोर्ट स्कूल नागपुर में ग्रैंडमास्टर हंसी सोनी पिल्लई और चेयरमैन कॉमनवेल्थ कराटे फेडरेशन के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में कुल 60 छात्रों ने भाग लिया था। जिसमें बालाघाट जिले के लांजी तहसील के ग्राम दहेगांव निवासी महेंद्र पटेल की बेटी तन्वी पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर परचम लहराया है। ज्ञात हो कि तन्वी ने 7 साल की उम्र में कराटे सिखना शुरू कर दिया था, अब 16 साल की उम्र में वह ब्लैक बेल्ट डैन 1 बन गई, उनकी 9 साल की कड़ी मेहनत रंग लाई और उन्होंने यह परीक्षा पास की है। परीक्षक दक्षिण अफ्रीका से आए हैं जो राष्ट्रमंडल कराटे के अध्यक्ष और विश्व कराटे महासंघ के तकनीकी निदेशक हैं। तन्वी पटेल के लिए यह बहुत बड़ा क्षण था कि एक महान व्यक्तित्व भारत आया और उन्हें उनके द्वारा सम्मानित किया गया था, उन्हें अंतर्राष्ट्रीय ब्लैक बेल्ट डैन 1 प्रमाणपत्र मिला था, कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र उगले रेन्शी ब्लैक बेल्ट 6 डैन (डब्ल्यूकेएफ और एसकेआईएफ, जापान) अध्यक्ष एवं तकनीकी निदेशक शोटोकन कराटे इंटरनेशनल ऑफ इंडिया एवं योगेश चौहान महासचिव के द्वारा किया गया। तन्वी पटेल की इस उपलब्धि पर उनके कोच युगांत उगले परिजन पिताजी महेंद्र पटेल, माताजी प्रभा पटेल कल्पा पटेल, बहन खुशी पटेल एवं भाई तेजश पटेल ने खुशी जताई। सगे संबंधियों एवं क्षेत्रवासियों के द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

# क्षमावाणी महापर्व मालनपुर में महावीर स्वामी जैन समाज ने निकाली विशाल रथयात्रा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता**
**पहलवान सिंह राजावत**

**मालनपुर।** मालनपुर नगर में सोमवार को क्षमावाणी के पर के पावन पर्व पर निकली गई रथ यात्रा में सबसे आगे युवा और इंदिरा इंद्राणी रथ सवार होकर चली बैंड बाजों की प्रस्तुति धार्मिक भजनों और ढोल ताशा धुन पर जैन समाज के लोगों ने नृत्य करते हुए चल रहे थे महिलाएं हाथों में जैन धर्म के संदेश लिखे हुए तक्तियां लेकर चल रही थी सबसे पीछे रथ और पालकी में श्री 1008 महावीर स्वामी की प्रतिमा विराजित थी और जैन समुदाय के लोग जयकारा लगा रहे थे यह शोभायात्रा दिगंबर जैन मंदिर से लेकर के सब्जी मंडी होते हाईवे पर मालनपुर थाना से वापसी जाकर दिगंबर जैन मंदिर पर समापन हुआ इस शोभायात्रा में जैन समुदाय के अलावा मालनपुर के समस्त समुदाय के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इस अवसर पर उपस्थित रहे अनिल जैन अंकित जैन द्वारा जलेब की व्यवस्था की गई जिसमें पदम जैन, पार्षद वीना जैन,राजेंद्र प्रसाद, विनय जैन, राहुल जैन, आकाश जैन, सुरेश जैन, पावई वाले, मनोज जैन, विनोद जैन, रॉकी जैन, विक्की जैन, सचिन जैन, शिवम जैन आदि जैन समाज एक सैकड़ा से ज्यादा लोग रथ यात्रा में सम्मिलित रहे एवं सभी समुदाय के लोग भी मौजूद रहे।





# रोटरी क्लब ने वृद्ध आश्रम में वृद्ध जनों का कराया मेडिकल चेकअप

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजलि टुडे**

एटा मंगलवार को आवसीय् वृद्धाश्रम कासगंज रोड एटा पर रोटरी क्लब एटा व इंन्हरवील ने साथ मिलकर एक आई चेकअप कैंप और फिजियोथेरेपी कैंप का अयोजन किया गया,

## इनर व्हील क्लब के सदस्यों ने वृद्ध आश्रम में बांटे वस्त्र

जिसमे वृद्धाश्रम में 14 वृद्धजनों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई, इन सभी का ऑपरेशन रोटरी क्लब एटा द्वारा निःशुल्क कराया जायेगा, सभी वृद्धजनों को ऑपरेशन की दिनांक बता दी गई है वो सभी समय समय पर पहुंच कर अपना ऑपरेशन कराएंगे। डॉक्टर आयुष पालीवाल जी ने फिजिओ जांच की एवं दवा वितरित की।




इसके अलावा इनरव्हील क्लब की सदस्यों ने सभी वृद्दो को गेम खिलवाए और विजेताओ को पुरस्कार बांटे और सभी वृद्ध महिलाओं को साडी एवं वृद्ध पुरूषों को कपड़े दिये साथ मे फल और चाट पकोड़ी वितरित किये। इस कार्यक्रम मे रोटरी क्लब की तरफ से अध्यक्ष नीरज गुप्ता सचिव सौरभ कुमार कोषाध्यक्ष साजन देव वार्ष्णेय, चंद्रमोहन वाष्णेय व इनरव्हील क्लब की तरफ से अध्यक्ष रिंकी जैन सचिव ज्योति गुप्ता कोषाध्यक्ष नेहा जैन व शिल्पी जैन , सीमा गोस्वामी, प्रीती सिंघल, गुंजन गुप्ता, अर्चना गुप्ता, बेबी गुप्ता, दिव्या राज सक्सेना, रितिका जैन, दीपा जैन, आरती गुप्ता आदि ने सहभागिता की। सभी वृद्धजनों ने सभी को आशीर्वाद दिया और क्लब मेंबर्स के साथ एक परिवार की तरह समय बिताया ।

## सम्पादकीय

# भारत की सूझबूझ

साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में हुए ब्रिक्स देशों के शिखर सम्मेलन में आखिर इसके विस्तार का फैसला हो गया। फैसले के मुताबिक पांच देशों- ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका- के इस संगठन में अगले साल 1 जनवरी को छह नए सदस्य- अर्जेंटीना, इजिप्ट, ईरान, इथियोपिया, सऊदी अरब और यूएई- जुड़ जाएंगे। वैसे ब्रिक्स के विस्तार पर चर्चा काफी पहले से हो रही है। 2009 में इस संगठन के अस्तित्व में आने के एक साल बाद यानी 2010 में ही इसमें साउथ अफ्रीका को जोड़ लिया गया। उसके बाद से ही नए सदस्यों की एंट्री पर जब-तब चर्चा होती रही है। लेकिन पिछले कुछ समय से यह मुद्दा काफी जोर पकड़ चुका था, जिसकी दो बड़ी वजहें रहीं। एक तो यह कि ग्रुप से जुड़ने की चाहत रखने वाले देशों की संख्या बढ़ती चली गई। 22 देश इस मंच का हिस्सा बनने के लिए बाकायदा आवेदन कर चुके हैं। 40 से ज्यादा देश इसकी इच्छा जता चुके हैं। दूसरी वजह यह रही कि बदले वैश्विक हालात के मद्देनजर चीन इस पर बहुत जोर दे रहा था। इसे देखते हुए यह आशंका जताई जा रही थी कि शायद भारत इस मसले पर ज्यादा पॉजिटिव रुख न दिखाए। चीन के सरकार नियंत्रित मीडिया ने कुछ दिन पहले पश्चिमी देशों पर आरोप भी लगा दिया कि वे नहीं चाहते विस्तार के बाद ब्रिक्स एक मजबूत संगठन बनकर उभरे, इसलिए भारत और चीन में फूट डालने की कोशिश कर रहे हैं। बहरहाल, इन अटकलबाजियों से अलग भारत पहले ही साफ कर चुका था कि वह ब्रिक्स के विस्तार के खिलाफ नहीं है। अन्य मुद्दों की तरह इस मामले में भी उसका रुख किसी खास देश या लॉबी के आग्रह या शंका आशंका से नहीं बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों से निर्देशित हो रहा था। ध्यान रहे, भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत तमाम वैश्विक संगठनों और मंचों के विस्तार और उनमें समय के मुताबिक सुधार की वकालत करता रहा है। ब्रिक्स के विस्तार के ताजा फैसले से उस अजेंडे को आगे बढ़ाने में आसानी होगी। हालांकि इसके बावजूद इस फैसले में निहित चुनौतियों की अनदेखी नहीं की जा सकती। एक तरफ यह आशंका है कि इन नए सदस्यों में से कई देशों के साथ अपनी करीबी की बदौलत चीन इस मंच पर अपना दबदबा बढ़ाने का प्रयास कर सकता है तो दूसरी तरफ कुछ हलकों में यह संदेह भी है कि चीन, रूस और ईरान जैसे देशों के प्रभाव में इसे पश्चिमी देशों के खिलाफ एक मंच के रूप में इस्तेमाल न किया जाने लगे। इन आशंकाओं और संदेहों के बीच सभी देशों के हितों में सामंजस्य स्थापित करते हुए बेहतर विश्व सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए इस मंच को निश्चित रूप से ज्यादा परिपक्व और दूरदर्शितापूर्ण नजरिया अपनाना होगा।

# राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का लक्ष्य आखिर कब तक पूरा हो पायेगा?

**ललित गर्ग**

आगामी पांच राज्यों में विधानसभा एवं अगले वर्ष लोकसभा चुनाव की आहट के साथ एक बार फिर अपराधी उम्मीदवारों को लेकर चिन्ता के स्वर उभर रहे हैं। राजनीति में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों का प्रवेश रोकने के लिए लंबे समय से बहसें चलती रही हैं। अमूमन सभी दल और उनके नेता इसे लेकर चिंता जताते हैं, मगर विडंबना यह है कि अब तक कोई ऐसी व्यवस्था नहीं बन सकी है, जिसमें किसी अपराध में लिप्त रहे व्यक्ति को संसद या विधानसभा में पहुंचने से रोका जा सके। एसोएिशन आफ डेमोक्रेटिक रिसर्च की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि करीब चालीस फीसद मौजूदा सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से पचीस फीसद मामले गंभीर अपराधों से जुड़े हुए हैं, जिनमें हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण, महिलाओं के विरुद्ध अपराध जैसे मामले शामिल हैं। ये ही अपराधी छवि वाले सांसद एवं विधायक एक बार फिर उम्मीदवार बनने में सफल होने वाले हैं। सवाल है कि देश की संसद तक में इस स्थिति के रहते अपराधमुक्त राजनीति का लक्ष्य कैसे प्राप्त हो सकेगा? निश्चित रूप से भारतीय लोकतंत्र की यह एक विद्रूपता एवं त्रासदी ही है कि किसी अपराधी का दोषी होने और सजायाफ्ता होने के बावजूद उसे कैसे उम्मीदवार बनाकर कर भोली-भाली जनता पर थोप दिया जाता है। ऐसे अपराधी किस्म के जनप्रतिनिधि क्या जनता की भलाई करेंगे एवं क्या विधायिका में बैठकर जनता के हित के कानून बना पायेंगे?

आजादी के अमृतकाल की दुदुम्भी और शंखनाद से इतर जब राजनीति के अपराधीकरण पर हम नजर डालते हैं तो शर्म से सिर झुक जाता है। जो सदन कभी जनता के सवालों पर गूंजता था, एक से बढ़कर एक वक्ताओं के ऐतिहासिक एवं सार्थक भाषणों की संसद से लेकर सड़क तक चर्चा होती थी, लोकतंत्र की इस खूबी पर दुनिया को भी जलन होती थी, आज वही लोकतंत्र, वही सदन दागी नेताओं की उपस्थिति और उसके खेल से शर्मसार है। भारतीय संसद के अबतक के इतिहास पर नजर डाले तो लगता है कि जिस तेजी से संसद और विधानसभाओं में दागी नेताओं की उपस्थिति बढ़ रही है, एक दिन ऐसा आएगा जब संसद में बेदाग नेता-मंत्रियों की तलाश अधूरी ही रह जायेगी। ऐसे अपराधी सांसदों एवं विधायकों के कारण सदनों में सत्रों के दौरान सार्थक बहसों की बजाय हंगामे होते हैं। इन्हीं कारणों से चिंताजनक स्थिति यह बनी है कि आज भारत में ही संसद के प्रति सम्मान, संसद में शालीन आचरण और पक्ष-विपक्ष के बीच स्वस्थ परंपराएं अब धूमिल हो रही हैं। संसद की कार्यवाही तो इसी ह्रास का संकेत करती है। देखना है कि संसद के आगामी विशेष सत्र में संविधान सभा से शुरू होने वाली 75 साल की संसदीय यात्रा पर चर्चा के समय कोई अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत हो पाता है या नहीं? एक सफल लोकतंत्र के जितने भी आयाम हैं क्या भारत उस पर खरा उतरा है? किसी भी लोकतंत्र की साख उसकी विधायिका पर ज्यादा निर्भर है। नेता के गुण-अवगुण और चरित्र लोकतंत्र को ज्यादा प्रभावित करते हैं। आजादी के बाद भारतीय विधायिका और उसके नेताओं की जनता के प्रति



वफादारी और उत्तरदायित्व की तूती बोलती थी लेकिन अब वही विधायिका आपराधिक कुकृत्यों से कलंकित है। राजनीति में आपराधिक तत्वों का आधिपत्य है और संसद से लेकर विधानसभाएं अपराधी, दागी नेताओं से भरी हुई है। ऐसे में भला एक ईमानदार एवं आदर्श लोकतंत्र की कल्पना कैसे की जा सकती है? संसद और विधानसभाओं का भविष्य धुंधलाता जा रहा है। भले ही महिलाओं को संसदीय राजनीति के लिए अब तक 33 फीसदी आरक्षण का लाभ तो नहीं मिला हो लेकिन बड़ा सच यही है कि गुपचुप तरीके से सभी राजनीतिक दलों ने सदन में दागी नेताओं के लिए 33 फीसदी से ज्यादा सीटें आरक्षित कर रखी है। इसे आप दागियों के पैरों तले लोकतंत्र को कुचलना कहिये या फिर दागियों के प्रति लोकतंत्र की आस्था। यही हाल धनकुबेर नेताओं का भी है। अगर दागियों के लिए 33 फीसदी से ज्यादा सीटें आरक्षित है तो धनकुबेर नेताओं के लिए भी 80 फीसदी से ज्यादा सीटें आरक्षित हैं। जब ऐसे धनबल, बाहुबल एवं अपराध बल वाले जनप्रतिनिधि होंगे, ऐसे ही देश के कानून बनाने वाले होंगे तो सदन के अध्यक्ष के आसन के समक्ष मेज पर चढ़कर उनके ऊपर कागज फाड़कर फेंकने की घटनाएं आम होती जायेगी? फिर उस युवा को गलत कैसे कहा जाएगा, जो अपने कुलपति या प्राचार्य के कक्ष में घुसकर तोड़-फोड़ करता है या सड़कों पर हंगामें खड़ा करता है? गौरतलब है कि मौजूदा कानूनी व्यवस्था के तहत अदालत की ओर से किसी अपराध का दोषी घोषित हो जाने और दो साल से ज्यादा की सजा पाने वालों को चुनाव लड़ने पर पाबंदी है, लेकिन यह अवधि छह साल बीत जाने के बाद वही व्यक्ति फिर से संसद या विधानसभा का चुनाव लड़ सकता और जीतने के बाद जनप्रतिनिधित्व कहला सकता है। आजादी के अमृतकाल में सर्वोच्च सदनों को अधिक पवित्र एवं पावन बनाने के लिये सांसदों को अधिक पवित्र और कानून का पालन करने वाला होना जरूरी है। चूंकि सांसद और विधायक आम जनता की संप्रभु इच्छा का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसलिए एक बार नैतिक अपराध से जुड़ा पाए जाने के बाद उन्हें स्थायी रूप से चुनावी राजनीति के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाना चाहिए। अब इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमित्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अगर कोई व्यक्ति किसी अपराध के लिए एक बार दोषी करार दे दिया जाता है तो उसके चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगा देना चाहिए। इस रपट को राजनीति में आपराधिक छवि के लोगों के दखल को रोकने की दिशा में एक अहम विचार के रूप में देखा जा रहा है। न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाने से राजनीतिक व्यवस्था में भ्रष्ट और आपराधिक तत्वों को बाहर निकाला जा सकेगा। अब समय आ गया है कि सभी राजनीतिक दल एक साथ आएं और अपराधियों को सिस्टम से बाहर रखने पर आम सहमति बनाएं। क्योंकि जब अपराधी निर्वाचित प्रतिनिधि बन जाते हैं और कानून निर्माता बन जाते हैं, तो वे लोकतांत्रिक व्यवस्था के कामकाज के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। हमारे लोकतंत्र का भविष्य खतरे में पड़ जाता है जब ऐसे अपराधी नेता बनकर पूरी व्यवस्था का मज़ाक उड़ाते हैं। क्या हम युवाओं से उम्मीद कर सकते हैं कि वे ऐसे नेताओं को देखें और उनमें अपना आदर्श देखें? इन वर्षों में जितने भी चुनाव हुए हैं वे चुनाव अर्हता, योग्यता एवं गुणवत्ता के आधार पर न होकर, व्यक्ति, दल या पार्टी के धनबल, बाहुबल एवं जनबल के आधार पर होते रहे हैं, जिनको आपराधिक छवि वाले राजनेता बल देते रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार एवं अपराधों पर नियंत्रण की बात करते हुए राजनीति का बिगुल बजाया। लेकिन यह दल तो जल्दी ही अपराधी तत्वों से घिर गया है। आप एवं उसके सर्वेसर्वा अरविन्द केजरीवाल ने सार्वजनिक रूप से अनेक दावे किये कि वे राजनीति को स्वच्छ बनाने के लिए काम करेंगे, लेकिन मौका मिलते ही वे भी इस बात का खयाल रखना जरूरी नहीं समझते कि अपराध के आरोपी या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले किसी व्यक्ति को उम्मीदवार बनाने से कौन-सी परंपरा मजबूत होगी। चिन्ता भारतीय राजनीति के लगातार दागी होते जाने की हैं। लगभग हर पार्टी से जुड़े नेताओं पर अपराधी होने के सवाल समय-समय पर खड़े होते रहे हैं। लेकिन आप में अपराधी राजनेताओं का सहारा ज्यादा जोरदार तरीके से लिया जा रहा है, अपने स्वल्प शासनकाल ने इस दृष्टि से उसने सारी सीमाओं को लांघ दिया है। प्रश्न है कि आखिर कब हम राजनीति को भ्रष्टाचार एवं अपराध की लम्बी काली रात से बाहर निकालने में सफल होंगे। कब लोकतंत्र को शुद्ध सांसें दे पायेंगे? कब दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र स्वस्थ बनकर उभरेगा?

# 2023 के विधानसभा चुनावों में सामूहिक नेतृत्व और मोदी फैक्टर पर जोर दे रही भाजपा

**अंकित सिंह**

2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं। हालांकि, 2023 के आखिर में पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव हैं। इसे 2024 का सेमीफाइनल माना जा रहा है। इन पांच राज्यों में से भाजपा अपने दम पर एक मध्य प्रदेश में शासन में है। वहीं, मिजोरम में गठबंधन में है। इसके अलावा कांग्रेस राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्ता में है। जबकि तेलंगाना में भारत राष्ट्रीय समिति का शासन है। हालांकि, इन पांचो राज्यों में भाजपा कहीं ना कहीं पूरी ताकत लगाने की कोशिश में जुटी हुई है और अभी से ही अपनी रणनीति जमीन पर उतर रही है। इसका असर मध्य प्रदेश में जो अब तक उम्मीदवार घोषित किए गए हैं उसमें दिख भी रहा है। इसके अलावा भाजपा ने जो रणनीति अपनाई है, उसमें मुख्यमंत्री के चेहरे की बजाय सामूहिक नेतृत्व और मोदी फैक्टर पर जोर दिया गया है।



इसका बड़ा कारण यह भी है कि भाजपा इस बात को भली-भांति समझती हैं कि अगर उसकी ओर से मुख्यमंत्री उम्मीदवार का ऐलान किया गया तो चुनाव से पहले हिंदी भाषी राज्यों में पार्टी के भीतर गुटबाजी मजबूत हो सकती है। इससे उम्मीदवारों के समक्ष चुनौतियां आएंगी। मध्य प्रदेश की बात करें तो वहां भाजपा बड़े नाम को भी चुनावी मैदान में उतर रही है। इसका मतलब साफ है कि पार्टी ज्यादा से ज्यादा सीटों को सुरक्षित करना चाहती है। साथ ही जो कमजोर सीट हैं, वहां अभी से ही तैयारी शुरू की जा रही है। इसके अलावा अगर इन राज्यों में सीएम का चेहरा नहीं दिया जाता है तो क्षेत्रीय नेताओं को ज्यादा महत्व मिलेगा। भाजपा की ओर से भाई-भतीजावाद वाली राजनीति पर अंकुश लगाने पर भी कहीं ना कहीं खास ध्यान दिया जा रहा है। भाजपा सभी नेताओं को यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि आप अपने-अपने क्षेत्र में दम लगाइए और पार्टी की जीत सुनिश्चित करिए। आपको उसके अनुरूप सरकार बनने पर मौका दिया जाएगा। मध्य प्रदेश में केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा चुनाव में उतारना कहीं ना कहीं यह संदेश देने की कोशिश है कि पार्टी सामूहिक नेतृत्व में विश्वास करती है और उसी के आधार पर चुनावी मैदान में उतर रही है। आश्चर्य की बात यह भी है कि अब तक मध्य प्रदेश में भाजपा की ओर से चेहरा रहे शिवराज सिंह चौहान के टिकट का ऐलान नहीं हुआ है। इसको राजनीतिक पंडित अलग-अलग चश्मे से भी देख रहे हैं। साथ ही साथ अब तक संगठन की जिम्मेदारी संभाल रहे कैलाश विजयवर्गीय को भी इस बार चुनावी मैदान में उतरकर भाजपा ने शिवराज सिंह चौहान को भी संदेश देने की कोशिश की है। राजस्थान में भी भाजपा ने इस बात के संकेत दे दिए हैं कि वह सामूहिक नेतृत्व में ही चुनाव लड़ेगी। इससे वसुंधरा राजे की उम्मीदों पर एक पानी फिरता दिखाई दे रहा है। वसुंधरा राजे दो बार राजस्थान में भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। लेकिन इस बार कहीं ना कहीं उनके नाम को लेकर पार्टी के भीतर ही असमंजस की स्थिति है। बड़ा सवाल यह भी है कि क्या अगर भाजपा की सरकार मध्य प्रदेश में बनती हैं तो वह किसी अन्य के नीचे काम करना पसंद करेंगी। इसको फिलहाल राजनीतिक पंडित बचते दिखाई दे रहे हैं। लेकिन राजस्थान की सारी चीजें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा के ही इर्द-गिर्द घूम रही है। वहीं, छत्तीसगढ़ में पार्टी की ओर से नए नेतृत्व पर जोर दिया जा रहा है। रमन सिंह को लेकर अभी भी पार्टी में कोई दिलचस्पी दिखाई नहीं दे रही है।

## विषय-पर्यावरण

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

कलियुग के मानव ने देखो,
काट-काटकर वन-उपवन को।
हरियाली कर दी गायब,
कितना बढा दिया तापमान।।
शोषण पर शोषण कर बैठा,
दोहन पर दोहन कर बैठा।
लालच में अन्धा बन बैठा,
मानव-दानव बन बैठा है।।
छीन धरा की हरियाली,
पर्यावरण दिया बिगाड़।
वन-सम्पदा पहाड़ और झरने,
मानव मिटा रहा बेखौफ ।।
कितना बदल दिया ॠतु चक्र,
क्षरण रोककर , हनन रोककर।
खनन रोककर,पतन रोककर,
वसुधा के तुम पूत बनो।।
वृक्षारोपण धर्म बना लो,
सतयुग धरती पर ले आओ।
पर्यावरण सुधर जाएगा,
जीवन सँवर-सँवर जाएगा ।।
हरी-भरी सब ओर धरा हो,
मानव ऐसा कर पाएगा।
सर्वे भवन्तु सुखिनः का,
मूल मन्त्र जग पा जाएगा ।।

डॉ ( श्रीमती ) कुमकुम शुक्ला
जबलपुर

# क्या कनाड़ा की धरती पर बनेगा खालिस्तान?

**अशोक मधुप**

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारत में खालिस्तान बनाने की मांग करने वाले अतिवादियों पर पूरी तरह मेहरबान है। भारत द्वारा इन अतिवादियों के बारे में दी गई जानकारी पर वे कुछ कार्रवाई नहीं कर रहे, अपितु भारत पर ही आरोप लगा रहे हैं कि भारत से फरार अपराधी खालिस्तानी अतिवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में उसके राजनयिक का हाथ है। भारत को चाहिए कि यह कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को भारत के खालिस्तान का समर्थन करने वाले अतिवादियों का समर्थन करने दें। कुछ समय ऐसा ही चलने दें। हां सार्वजनिक रूप से भारत उसे चेतावनी देने का सिलसिला जारी रखें। अपने यहां खालिस्तान समर्थकों पर सख्ती रखें। कुछ समय ऐसा ही चलता रहा तो यह निश्चित है कि अब खालिस्तान भारत में नहीं कनाडा में बनेगा। कनाडा की धरती पर बनेगा। आज जो कनाड़ा कर रहा है, कभी वही भारत के कुछ नेताओं ने किया था। वह पंजाब में खालिस्तान की बढ़ती गतिविधियों को नजर अंदाज करते रहे। परिणाम स्वरूप पजांब में रहने वाले हिंदुओं को पंजाब छोड़ने के लिए कहा जाने लगा। उन पर हमले होने शुरू हो गए। सिख आंतकवाद पंजाब में ही नही बढ़ा, अपितु उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र को भी उसने अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। इस दौरान पंजाब में धार्मिक नेता भिंडरावाला तेजी से लोकप्रिय होने लगे। कहा जाता है कि राजनैतिक लाभ के लिए केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने उसे प्रश्य देना शुरू कर दिया। हालत यह हुई कि वहीं भिंडरावाला कांग्रेस के लिए भस्मासुर साबित हुआ। उसने स्वर्ण मंदिर में डेरा जमा लिया। मजबूरन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भिंडरावाला को स्वर्ण मंदिर से निकालने के लिए फौज का सहारा लेना पड़ा। बाद में उनके ही दो सुरक्षा गार्ड ने उनकी हत्या कर दी। आज जो कनाडा में हो रहा है, वह 40 साल से खालिस्तान समर्थकों को पोषित किए जाने का परिणाम है। कनाडा में खालिस्तान समर्थक आंदोलन पिछली सदी के आठवें दशक में शुरू हो गया था। पियरे ट्रूडो के प्रधानमंत्री बनने के बाद इसकी जड़ें गहरी हुईं। उनके कार्यकाल के दौरान ही तलविंदर परमार भारत में चार पुलिसकर्मियों की हत्या करने के बाद कनाडा भाग गया था। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जून 1973 में कनाडा की यात्रा की थी और पियरे ट्रूडो के साथ उनके व्यक्तिगत संबंध सौहार्दपूर्ण थे। लेकिन, पियरे ट्रूडो ने 1982 में तलविंदर परमार को भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध ठुकरा दिया। इसके लिए बहाना बनाया गया कि भारत का रुख महारानी के प्रति पर्याप्त रूप से सम्मानजनक नहीं है।

पियरे ट्रूडो के पद छोड़ने के ठीक एक साल बाद तलविंदर परमार ने जून 1985 में एयर इंडिया की फ्लाइट 182 (कनिष्क) में बम विस्फोट की साजिश रची, जिसमें विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए। हालाकि मरने वालों मे अधिकतर कनाडा के ही नागरिक थे।इस विमान हादसे में कुछ तो पूरे परिवार ही खत्म हो गए।

अगर पियरे ट्रूडो ने तलविंदर परमार को भारत प्रत्यर्पित करने का इंदिरा गांधी का अनुरोध मान लिया होता, तो कनिष्क विमान में विस्फोट नहीं हुआ होता। भारतीय-कनाडाई राजनीति के जानकार मानने लगे हैं कि जो गलती पियरे ट्रूडो ने तब की थी, वहीं उनके बेटे जस्टिन ट्रूडो भी आज कर रहे हैं। अपनी सरकार चलाने के लिए कनाडा में खालिस्तान समर्थक उग्रवादियों के प्रति सहानुभूति रखकर वही गलती कर रहे हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत के ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाकर कनाडा में पल रहे खालिस्तानी समर्थकों को हवा दे दी है। प्रधानमंत्री के इन आरोपों के बाद



कनाडा के अलग-अलग राज्यों में खालिस्तान समर्थकों ने ऐसी साजिश रचनी शुरू कर दी जिससे वहां रह रहे न सिर्फ भारतीयों बल्कि डिप्लोमेट्स और भारतीय दूतावास के लिए बड़ा खतरा पैदा हो गया है बल्कि कनाडा में बसे भारतीय हिंदुओं को भी खतरा बनेगा। खालिस्तानी समर्थकों ने 25 सितंबर को कनाडा के हाईकमीशन और सभी काउंसलेट के बाहर बड़े प्रदर्शन की तैयारी की है। खुफिया एजेंसी को मिले इनपुट के आधार पर पता चला है कि ब्रिटिश कोलंबिया के सरे स्थित गुरुद्वारे में काउंसिल के कुछ सदस्यों ने इसे लेकर साजिश रची है। जानकारी यह भी है कि इस पूरे प्रदर्शन में कनाडा के कई पूर्व सांसद, नेता और कुछ चरमपंथी और खालिस्तान समर्थक इस मामले पर खतरनाक मंसूबों के साथ आगे बढ़ रहे हैं।रक्षा मामलों के विशेषज्ञों का मानना है कि कनाडा की जमीन पर पहले से ही खालिस्तान समर्थकों को कनाडा की सरकार प्रश्रय देती आई है। यही वजह है कि कनाडा सरकार के समर्थन के चलते भारत विरोधी गतिविधियां इस देश के अलग-अलग हिस्सों में लगातार चलती रहती हैं। बीते कुछ समय में खालिस्तान जनमत संग्रह के नाम पर कनाडा की सरकार न सिर्फ इन भारत विरोधी खालिस्तानियों को सुरक्षा मुहैया कराती आई है बल्कि कार्यक्रम स्थलों की भी उपलब्ध करवाती आई है। पिछले दिनों एक शोभा यात्रा में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की झांकी निकालना भी इसी कड़ी का हिस्सा है। जानकारों का मानना है कि जिस तरीके से कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत के ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाया है उसका असर अगले कुछ दिनों में ही बहुत तेजी से दिखाना शुरू हो सकता है। विदेशी मामलों की जानकार मानते हैं कि कनाडा सरकार का भारत के लिए लिया गया एक्शन आने वाले दिनों में भारत और कनाडा के रिश्तों पर भी बड़ा असर डालने वाला है। कनाडा के प्रधानमंत्री के बयान के बाद के हालात में क्रम में सिख फॉर जस्टिस (एइव) के नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की ओर से हिंदू समुदाय को धमकी दी गई है। एसएफजे के पन्नू ने कनाडा के हिंदुओं को धमकी दी है। पन्नू ने उन्हें कनाडा छोड़ने के लिए कहा है। खालिस्तानी अलगाववादी सरगना ने कनाडा में सिखों से वैंकूवर में 29 अक्टूबर को होने वाले तथाकथित जनमत संग्रह में वोट डालने की भी अपील की। जो पन्नू ने कनाड़ा के हिंदुओं से कहा है, ऐसा ही कभी पंजाब में आंतकवाद की शुरूआत में कहा गया था। फिर उनपर हमले शुरू हो गए थे। कनाडा में धमकी से पहले ही हिंदुओं पर हमले होने लगे हैं। इन धमकियों को लेकर कनाडा में भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने एक न्यूज चैनल के साथ इंटरव्यू में कहा कि कनाडा में खालिस्तानी समूहों से बढ़ते खतरों के मद्देनजर अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय भयभीत है। कनाडा में हिंदू लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के सरे में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के शामिल होने के दावे के बाद कनाडा में हिंदू लोगों के खिलाफ धमकियों की निंदा की। इंटरव्यू के दौरान आर्य ने कनाडाई टिप्पणीकार एंड्रयू कॉइन के कॉलम का हवाला दिया। इन्होंने कहा था कि 'कनाडा में सांप्रदायिक खून-खराबे का खतरा है। खालिस्तान आंदोलन के बढ़ते खतरे के बारे में लिबरल सांसद की चेतावनी पन्नू का एक वीडियो वायरल होने के बाद कनाडा की सरकार ने इस तरह के काम पर अपनी असहमति जाहिर की और इस बात पर जोर दिया कि देश में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। दरअस्ल कनाडा में खालिस्तान समर्थकों को पाकिस्तान पाल रहा है। कनाड़ा इन्हें प्रश्रय दे रहा है। अमेरिका आज के हालात में भारत का विरोध नही कर पा रहा किंतु इस मामले में उसका भी रवैया ठीक नहीं है। कनाडा के हिंदुओं को धमकी देने वाला सिख फॉर जस्टिस (एइव) का नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू अमेरिकी नागरिक है। पन्नू भारत का फरार और इनामी आंतकी है। इसके बावजूद वह अमेरिका में सरे आम रह रहा है। भारत को चाहिए कि वह भारत में खालिस्तान समर्थकों के प्रति सख्ती जारी रहे। कनाडा में भारत के खिलाफ कार्रवाई करने वालों पर मुकदमें दर्ज करने के साथ उनके आईओसी कार्ड जब्त करता रहे। इनकी भारत की संपत्ति भी कब्जे में ले। आज कनाडा जो कर रहा है, कल उसके ही सामने आएगा। खालिस्तान समर्थक वहां रहने वाले हिंदुओं पर हमले करेंगे। कानून व्यवस्था कनाडा की खराब होगी। मजबूरन जब कनाडा सरकार सख्ती करेगी तो ये खालिस्तान समर्थक कनाडा के निवासी भिंडरावाला की तरह उसी के सामने संकट खड़ा करेंगे।

# जीजाबाई से प्रेरणा से लेकर निष्ठा के साथ राष्ट्रोत्थान में हों सहायक: मैत्रेयी

## तीन दिवसीय ज्ञान प्रबोधनी व्याख्यानमाला का समापन






**महेंद्र शर्मा संपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। जिस प्रकार जीजाबाई ने अपने पुत्र छत्रपति शिवाजी महाराज को संस्कार और शिक्षा देकर स्वराज्य की स्थापना करवाई, उसी तरह मातृशक्ति निष्ठा के साथ राष्ट्रोत्थान में सहायक हो। यह आह्वान राष्ट्रसेविका समिति पश्चिम महाराष्ट्र प्रांत की बौद्धिक प्रमुख सौ.मैत्रेयी शिरोलकर ने सोमवार को नई सड़क स्थित राष्ट्रोत्थान न्यास भवन के तराणेकर सभागार में तीन दिवसीय ज्ञान प्रबोधनी व्याख्यानमाला के समापन समारोह में मुख्य वक्ता की आसंदी से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ.शिराली रुनवाल ने की। इस अवसर पर न्यास के सचिव अरुण अग्रवाल भी मंचासीन रहे। राष्ट्रोत्थान न्यास ग्वालियर के तत्वावधान में प्रेरणापुंज जीजाबाई विषय पर व्याख्यान देते हुए मुख्य वक्ता मैत्रेयी शिरोलकर ने कहा कि मातृशक्ति प्रबल होती है। जीजाबाई के समय मुस्लिम आक्रांता आए दिन हिन्दुओं पर अत्याचार करते थे। दिन दहाड़े हिन्दू लड़कियों का अगवा कर उनके साथ अत्याचार किए जाते थे। यही नहीं हमारे मंदिरों को भी नष्ट कर आग लगाकर जमकर लूटपाट जारी थी। इससे हिन्दू समाज आत्म ग्लानि के साथ आत्मविश्वास खो बैठा था। इस समस्या से निजात के लिए जीजाबाई ने बचपन से ही स्वराज्य की स्थापना करने की प्रतिज्ञा ली थी। उन्होंने अपने पुत्र शिवाजी को बचपन से ही रामायण और महाभारत के प्रसंग सुनाकर संस्कार, मानवता,रणनीति, और युद्धकौशल की शिक्षा दी। बुद्धिमान जीजाबाई स्वधर्म की रक्षा और हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना के लिए इतनी सतर्क थीं कि बचपन में उन्होंने विरोधियों से बचाने के लिए शिवाजी को गुप्त स्थान पर रखा। जीजाबाई से प्रेरित होकर शिवाजी ने अपने साथियों के साथ 15 साल की उम्र में उंगली काटकर शिवजी का रक्ताभिषेक कर हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना के लिए प्रतिज्ञा ली। संभाजी की अफजल ने हत्या कर दी थी। उसका बदला लेने के लिए जीजाबाई ने शिवाजी को प्रेरित किया। उनकी सिखाई युद्धनीति से शिवाजी ने अफजल का वध कर बदला लिया। जीजाबाई और छत्रपति शिवाजी ने जनता का विश्वाश हासिल कर हर नागरिक के मन में यह भावना जाग्रत की मैं रहूं न रहूं यह स्वराज्य रहना चाहिए। कार्यक्रम के प्रारंभ में व्याख्यानमाला की प्रस्तावना न्यासी श्रीकांत विटवेकर ने प्रस्तुत की। व्यक्ति गीत प्रतीक्षा तांबे ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन प्रतीक्षा तांबे द्वारा प्रस्तुत वंदेमातरम गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रेक्षा नाईक एवं आभार राष्ट्रोत्थान न्यास के कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल ने व्यक्त किया।

**कौशल्या की तरह बच्चे को बनाएं राम**–कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ.शिराली रुनवाल ने कहा कि मां के समान कोई छाया नहीं, उसके समान कोई जीवन दाता और मार्गदर्शक भी नहीं है। मातृशक्ति अपने बच्चों का कौशल्या की तरह लालन-पालन कर राम बनाएं। साथ ही यशोदा की तरह कृष्ण और जीजाबाई की तरह छत्रपति शिवाजी महाराज बनाएं। अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से बच्चों को नैतिकता और कर्तव्यनिष्ठा की शिक्षा दें। उन्होंने अभिमन्यु का उदाहरण देते हुए कहा कि बच्चों पर गर्भ के समय से ही मां के व्यवहार और वातावरण का प्रभाव पड़ता है। इसलिए गर्भधारण दौरान सद्साहित्य का अध्ययन करें।

# पीने के पानी की समस्या से वार्ड नंबर 1 की जनता परेशान, पार्षद महोदय फोटो खिंचाने में व्यस्त

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

मैहर। हम बात कर रहे हैं मां शारदा देवी धाम में स्थित वार्ड नंबर 1 आंध्र टोला की जहां पर वार्ड वासी पानी की समस्या से निरंतर जूझ रहे हैं और वार्ड पार्षद गीता संतोष सोनी फोटो खिंचवाने में व्यस्त है आपको बता दें कि मैहर में यदि छोटे से छोटे हैं और बड़े से बड़े कार्यक्रम भी होते हैं तो गीता संतोष सोनी आपको स्टेज में सबसे पहले ही नजर आएंगे और अपने आप को जनता का सेवक बताएंगे पर जिस वार्ड के वो पार्षद हैं इस वार्ड की जनता समस्याएं से जूझ रही है तो वहां पर तो इनका कुछ ध्यान ही नहीं है वार्ड में रहने वाले वहीं के एक वार्ड वासी दद्दा श्रीवास्तव जी के द्वारा कई बार गीता संतोष सोनी जी को इस समस्याओं के



बारे में अवगत कराया गया लेकिन उसके बावजूद भी इनके द्वारा ध्यान नहीं दिया गया एवं इस समस्या को लेकर दादा श्रीवास्तव जी द्वारा यहां के कई जनप्रतिनिधि एवं मैहर नगर पालिका के सीएमओ को भी सूचित किया गया परंतु समस्या का निराकरण नहीं हुआ इस समस्या को लेकर वार्ड वासियों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है व वार्ड वासियों का यह कहना है कि यदि कोई भी जनप्रतिनिधि हमारे वार्ड में वोट मांगने आए तो हम उन्हें मुंह तोड़ जवाब देंगे।

# गुढ विधायक नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का ग्राम सुपिया में हुआ बृह्द सदस्यता अभियान का कार्यक्रम

## सैकड़ों युवाओं ने ली भाजपा की सदस्यता

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

गुढ़। रीवा जिले के गुढ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सुपिया से है जहां 2 अक्टूबर गांधी जयंती के शुभ अवसर पर गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह के नेतृत्व मे भारतीय जनता पार्टी का ग्राम पंचायत सुपिया में बृहद सदस्यता अभियान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें 100 से ज्यादा लोगों ने भाजपा के सिद्धांत ,उद्देश्य और रीति नीति से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की, वही नवयुवकों ने एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार को प्रचंड बहुमत से विजई बनाने का संकल्प लिया साथ ही नवयुवकों में भारतीय जनता पार्टी के प्रति भारी उत्साह देखने को मिल




रहा है जिसमें प्रमुख रूप से प्रणव प्रताप सिंह जिला पंचायत उपाध्यक्ष, प्रदीप त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष गोबिंदगढ़, बिहारी लाल सेन सरपंच सुपिया, जनपद सदस्य सुपिया श्री कोल , महाकाल मिश्रा जनपद सदस्य, शंकर गुप्ता सरपंच टीकर, श्रीमती सरला सोनी सरपंच शिवपुरवा, अलख मुनि तिवारी, अमित मिश्रा आदि सभी कार्यकर्ता एवं हजारों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# पं. शंभूनाथ शुक्ल स्मृति समारोह 5 अक्टूबर को, पत्रकारिता पर व्याख्यान एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

रीवा। विन्ध्यप्रदेश के प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री रहे पं.शंभूनाथ शुक्ल स्मृति समारोह 5 अक्टूबर को यहां एनसीसी मैदान में आयोजित किया जा रहा है। जनसंपर्क और पीएचई मंत्री राजेन्द्र शुक्ल के मुख्य आतिथ्य में सायं 7 बजे से आयोजित होने वाले समारोह में पत्रकारिता पर व्याख्यान व अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। ज्ञात हो कि पं.शंभूनाथ शुक्ल की ख्याति मुख्यमंत्री के साथ साथ एक प्रखर पत्रकार व संपादक की भी थी। समारोह में देश के ख्यातिलब्ध पत्रकार पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर भोपाल व शंभुनाथ शुक्ल नई दिल्ली के व्याख्यान होंगे तथा कवि सम्मेलन के मुख्य आकर्षण वाह-वाह फेम कवि शैलेष लोड़ा व अन्य चर्चित कवि होंगे।

समारोह के संयोजक पार्षद समीर शुक्ल ने बताया कि समारोह को राष्ट्रीय स्वरूप दिया गया है। समारोह के पहले चरण में पत्रकारिता व पं.शंभूनाथ शुक्ल के व्यक्तित्व व कृतित्व पर व्याख्यान होगा। अमृतकाल में पत्रकारिता का स्वरूप विषय पर पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर( निदेशक माधवराव सप्रे राष्ट्रीय पत्रकारिता संग्रहालय) व शंभुनाथ शुक्ल( पूर्व संपादक अमर उजाला, जनसत्ता) अपने विचार रखेंगे। विंध्य के सुप्रतिष्ठित लेखक व विचारक जयराम शुक्ल %पं.शंभूनाथ शुक्ल; राजनीति के अजातशत्रु% विषय पर चर्चा करेंगे। विषय प्रवेश व बीज वक्तव्य सुप्रसिद्ध साहित्यकार डा.चंद्रिका प्रसाद चन्द्र का होगा। समारोह में पं.चन्द्रकांत शुक्ल राष्ट्रीय पत्रकारिता अलंकरण भी प्रदान किया जाएगा। समारोह का मुख्य आकर्षण अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा जो सायं साढ़े 8 बजे से प्रारंभ होगा। कवि सम्मेलन में देश के सुप्रसिद्ध कवि, अभिनेता एवं टीवी प्रस्तोता शैलेष लोड़ा जी होंगे। श्री लोड़ा को कवियों के लोकप्रिय कार्यक्रम वाह..वाह क्या बात है के प्रस्तुतकर्ता व %तारक मेहता का उल्टा चश्मा% में अभिनय के लिए जाना जाता है। अन्य प्रमुख चर्चित कवियों में अरुण जैमिनी(दिल्ली), संजय झाला (दौसा राजस्थान), डा.प्रवीण शुक्ल ( दिल्ली), डा.गौरी मिश्रा(राष्ट्रीय यूथ आयकन नैनीताल), बलराम श्रीवास्तव(मैनपुरी), अर्जुन सिसोदिया (हापुड), डा.सौरभ कांत शर्मा (संभल), सुश्री प्रीति अग्रवाल (मुजफ्फरनगर) प्रमुख हैं। पं.शंभूनाथ शुक्ल स्मृति आयोजन समिति ने विन्ध्य के सुधी जनों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का निवेदन किया है।




# लघु समाचार पत्रों को मिलेगा हर दो माह में विज्ञापन : मुख्यमंत्री श्री चौहान

## 70 वर्ष से अधिक आयु के पत्रकारों को स्थायी अधिमान्यता कार्ड मिलेगा, महिला पत्रकारों को महिला कल्याण कार्यों के अध्ययन के लिए मिलेगी फैलोशिप, मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आधुनिक और देश में अनूठे भोपाल स्टेट मीडिया सेंटर के निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**पुष्पांजली टुडे**

भोपाल । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पत्रकार समाज और सरकार के मध्य सेतु की भूमिका निभाते हैं। पत्रकार समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की आवाज होते हैं। पत्रकारिता एक धर्म है, जिसके निर्वहन के लिए पत्रकार युद्ध, बाढ़, भूकम्प जैसी विपरीत स्थितियों में भी जीवन दांव पर लगाकर कार्य करते हैं। जब विपत्तियों में लोग सुरक्षित स्थान खोजते हैं, तब पत्रकार समाधान खोजते हैं। स्टेट मीडिया सेंटर भविष्य के ऐसे वृट वृक्ष के बीज रोपे जा रहे हैं, जिनसे अनुभवों की शाखाओं पर अनंत आशाएं साकार होंगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मालवीय नगर भोपाल में स्टेट मीडिया सेंटर के लिए भूमि पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जनसंपर्क मंत्री राजेंद्र शुक्ला, आयुक्त जनसंपर्क मनीष सिंह उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लघु समाचार पत्रों को एक माह के अंतराल से विज्ञापन जारी करने और 70 वर्ष से अधिक आयु के पत्रकारों को स्थायी अधिमान्यता कार्ड प्रदान करने की घोषणा की। हर साल पांच महिला पत्रकारों को महिला विकास कार्यों पर अध्ययन के लिए फैलोशिप प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पत्रकार समाज को प्राप्त वो आश्वासन है, जिनके होने से सुनवाई सुनिश्चित है। राष्ट्र निर्माण में पत्रकारों के स्याही का अमूल्य योगदान है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पत्रकार और पत्रकारिता लोकतंत्र के प्राण हैं। मध्यप्रदेश की भूमि से पंडित माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता के पुरोधा बने। इसी धरती पर श्री हरिशंकर परसाई जैसे व्यंग्यकार हुए जिन्होंने समाज को आईना दिखाने का कार्य किया। स्व. श्री वेदप्रताप वैदिक ने हिंदी की प्रतिष्ठा के लिए कार्य किया। स्व. श्री प्रभाष जोशी ने नई भाषा दी। एक दौर था जब स्वतंत्रता आंदोलन में पत्रकारों ने भागीदारी की और परतंत्रता की बेड़ियां तोड़ने का कार्य किया। आपातकाल के खिलाफ भी पत्रकार लड़े। कोविड के कठिन दौर में पत्रकारों ने अपना दायित्व निभाया। पत्रकार समाजसेवी भी होते हैं, उनका सरोकारों से ऐसा रिश्ता होता है, जैसे शरीर और आत्मा का रिश्ता। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया के दौर में कहीं-कहीं विश्वसनीयता का संकट देखने को मिलता है। संवाद, संचार और सम्पर्क पत्रकारिता के प्राण होते हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आशा व्यक्त की कि स्टेट मीडिया सेंटर इन पत्रकारों के संवाद, खबरों के संचार और हमारे सम्पर्क का केन्द्र बनेगा। यह केन्द्र पत्रकारिता के छात्रों का गुरूकुल बनेगा। यह केन्द्र वरिष्ठों के अनुभवों और युवाओं की ऊर्जा का उपयोग करेगा। साथ ही पुराने घर की स्मृतियां भी संजोएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पत्रकार भवन की नींव रखने वाले पुरोधा पत्रकारों का स्मरण भी किया और इस पत्रकार भवन में एक युग में पत्रकारों से भेंट और पत्रकार वार्ता आयोजित करने के अपने अनुभव भी साझा किए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गत 7 सितम्बर को उन्होंने मुख्यमंत्री निवास में पत्रकार समागम में इस मीडिया सेंटर के संबंध में घोषणा की थी जिसे आज मूर्त रूप देते हुए भूमिपूजन का कार्य सम्पन्न हुआ है। अब पत्रकार बंधु इस मीडिया सेंटर के रूप में पुराने पत्रकार के भवन की यादों के साथ नए आंगन में प्रवेश करेंगे। पत्रकार भवन के पुनर्निर्माण का सपना पूरा होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशभर से पधारे पत्रकारों को स्टेट मीडिया सेंटर के शिलान्यास अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। जनसंपर्क मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि आज स्टेट मीडिया सेंटर के शिलान्यास में प्रदेश भर से पत्रकार आए हैं। पत्रकार लोकतंत्र को वरदान बनाने का कार्य करते हैं। उन्हें मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश को बीमारू प्रदेश होने की पहचान को समाप्त कर तेजी से विकास कर रहे प्रदेश की पहचान दी है। अब हम नहीं जमाना कहता है कि मध्यप्रदेश विकसित प्रदेश में शामिल हो रहा है। उन्होंने समय-समय पर सभी वर्गों के हित में कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पत्रकारों के लिए भी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जिससे अनेक परिवारों को राहत मिली। गत 7 सितंबर को मुख्यमंत्री निवास में पत्रकार समागम में स्टेट मीडिया सेंटर प्रारंभ करने के साथ पत्रकारों कोजिला स्तर पर भूखंड प्रदान करने की घोषणा की थी। जिलों में पत्रकारों को भूखंड प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्यवाही भी प्रारंभ हो गई है। जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों को भी लंबे समय से उच्च पद के प्रभार के लिए पात्र अधिकारियों और नये सहायक संचालकों को लंबित वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ दिया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज स्टेट मीडिया सेंटर के शिलान्यास समारोह में प्रदेश के 10 वरिष्ठ पत्रकारों को बढ़ी हुई सम्मान निधि प्रतीक स्वरूप प्रदान की। उल्लेखनीय है कि प्रतिमाह 10,000 के स्थान पर अब 20,000 की राशि का भुगतान सम्मान निधि के अंतर्गत जनसंपर्क विभाग द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज स्टेट मीडिया सेंटर के शिलान्यास समारोह में प्रदेश के जिन वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मान निधि प्रदान की उनमें विजय दत्त श्रीधर भोपाल, ओम प्रकाश फरक्या इंदौर, परमानंद तिवारी जबलपुर, देव श्रीमाली ग्वालियर, अंजनी कुमार शास्त्री रीवा, राजेंद्र पुरोहित उज्जैन, सिद्ध गोपाल तिवारी सागर, कमलेश सिंह परिहार चंबल, पंकज पटेरिया नर्मदापुरम और रामावतार गुप्ता शहडोल शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पत्रकार भवन परिसर में अनुष्ठान और विधि-विधान पूर्वक स्टेट मीडिया सेंटर के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। उन्होंने शिला पट्टिका का अनावरण भी किया। मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन से हुआ। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंच पर आते ही प्रदेश के सभी जिलों से आये समस्त पत्रकार बंधुओं का स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पौधा भेंट कर वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में स्टेट मीडिया सेंटर की विशेषताओं और पत्रकार कल्याण पर केन्द्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। स्टेट मीडिया सेंटर के भूमिपूजन के औपचारिक कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश के जिलों से पधारे प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया से जुड़े पत्रकारों, टी.वी. कैमरा पर्सन और प्रेस छायाकारों से भेंट कर संवाद किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान पत्रकारों के साथ भोजन में शामिल हुए।




**मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अहम घोषणाएं**–मध्य प्रदेश में महिला विकास एवं कल्याण के कार्यों पर अध्ययन करने के लिए माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय एवं संस्थान द्वारा जनसम्पर्क विभाग के सहयोग से प्रतिवर्ष 5 महिला पत्रकारों को फैलोशिप दी जाएगी। प्रदेश में अब 1 महीने के अंतराल से हर छोटे समाचार-पत्र को विज्ञापन देने की व्यवस्था की जाएगी। प्रदेश के 70 साल से अधिक की आयु वाले वरिष्ठ पत्रकारों को स्थायी अधिमान्यता कार्ड दिया जायेगा। जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों को वरिष्ठ पद के प्रभार के आदेश जारी किए जा रहे हैं। सहायक संचालक पद पर कार्य कर रहे अधिकारियों की जो वेतन वृद्धि देय है उसके भी आदेश जारी किये जा रहे हैं। भोपाल में स्टेट मीडिया सेंटर का निर्माण 28 करोड़ रुपए की लागत से होगा। यह सर्व सुविधा युक्त मीडिया सेंटर होगा। इस सेंटर में निर्माण एजेंसी मध्यप्रदेश भवन विकास निगम है। अगले दो वर्ष में निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य है। कुल 66 हजार 981 वर्गफीट में तीन मंजिल के भवन में लोअर ग्राउण्ड फ्लोर पर वाहन पार्किंग, ड्रायवर्स रूम, मेंटेनेंस रूम, बैंक, शॉप्स और डिस्पेंसरी निर्माण होगा। ग्राउण्ड फ्लोरपर एक्जीबिशन हॉल, आर्ट गैलरी, मिनी ऑडिटोरियम, प्रेस कॉन्फ्रेंस कक्ष, प्रशासनिक कक्ष, रिसेप्शन कक्ष, कॉरीडोर, बैंक्वेट हॉल, बैंडमिंटन कोर्ट, रेस्टारेंट, टेरिस गार्डन होंगे। प्रथम मंजिल पर लायब्रेरी, प्रेस कॉन्फ्रेंस हॉल, मल्टी मीडिया रूम, लाउन्ज, जिम्नेशियम और इन्डोर गेम हॉल होगा। दूसरे मंजिल पर ओपन टेरिस, वर्किंग स्पेस, केबिन मिनी मीटिंग रूम, क्यूबिकल वर्क स्टेशन होंगे। तीसरी मंजिल पर पत्रकारों के लिए वर्क स्पेस, न्यूज और मीडिया के ऑफिस स्पेस रहेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने बस्तर में कहा

# मेरा प्रयास यही है आपके प्यार का कर्ज विकास

कांग्रेस नेताओं के कारनामों से जनता त्रस्त है, चारों तरफ भ्रष्टाचार है, छत्तीसगढ़ में चारो ओर अपराध ही अपराध, कांग्रेस अगर छत्तीसगढ़ को कुछ दिया है तो वो है, झूठा प्रचार और घोटालेबाज सरकार, छत्तीसगढ़ के हर कोने से एक ही आवाज आ रही है, अऊ नई सहिबो,बदल के रहिबों, आदिवासी भाई बहन तब के है जब यहां श्री राम आए थे, भाजपा सरकार ने अटल जी ने आपके विकास के लिए ही अलग जनजातीय विभाग बनाया, छत्तीसगढ़ प्रदेश बनाया, कांग्रेस ने बस्तर को हमेशा नजर अंदाज किया, भाजपा सरकार ने मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज बनाया, दंतेवाड़ा एजुकेशन हब बनाया, मुझे गर्व है देश की पहली आदिवासी नेता को राष्ट्पति बनाने का गौरव भाजपा को मिला है। आदिवासी विकास के लिए भाजपा कांग्रेस से 5 गुना ज्यादा पैसा दे रही है ।

300 से अधिक एकलव्य विद्यालय जनजातीय बच्चो के लिए खोले। शिक्षा और रोजगार के बड़े बड़े प्रोजेक्ट यहां शुरू होने वाले है। 27 हजार करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट बस्तर और छत्तीसगढ़ को मिले है। आज इतना बड़ा कार्यक्रम हुआ छत्तीसगढ़ सरकार का कोई मंत्री,उपमुख्यमंत्री,मुख्यमंत्री तक नही आए। जनता के विकास के काम के कांग्रेसी नही आते । कांग्रेस को सरकार जाने की ज्यादा चिंता वो सरकार बचाने में लगे है।



मोदी के सामने कोई आकंठ भ्रष्टाचारी आने से डरता है इसीलिए वो आते नही है। आज जो कारखाना शुरू हुआ उसकी मांग दशकों से है रमन सिंह की पिछली सरकार लगातार इसकी मांग करती रही थी लेकिन तब की केंद्र की कांग्रेस सरकार ने इसे नही माना। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के कारण ये काम होने नही दिया। कांग्रेस कमीशन के कारण काम होने नही देती। कांग्रेस बस्तर से कच्चा मॉल विदेश भेजती रही ,उसमे कमीशन खाती रही लेकिन बस्तर के युवाओं को कुछ नही मिला। इसीलिए हमने स्टील कारखाने का काम तेजी से पूरा करवाया, 24 हजार करोड़ इस पर लगाया।बस्तर के लगभग 50 से 55 हजार लोगो को रोजगार मिलना तय है। इसमें अभी और निवेश होगा ये कारखाना और बड़ा किया जायेगा। आगे 1.50 लाख लोगो ने नौकरी की संभावना बनेगी। अब बस्तर के लोगो को रोजगार के लिए बाहर नही जाना पड़ेगा बल्कि हिंदुस्तान के लोग बस्तर आयेंगे। झूठी बाते फैलाने वाली कांग्रेस को आज आपने यहां आया आकर तमाचा मारा है। कांग्रेस के लोग बस्तर के स्टील प्लांट को हड़पना चाहती है बस्तर के लोग इस स्टील प्लांट के मालिक है मैं किसी कांग्रेसी को इसका मालिक बनने नही दूंगा। कांग्रेस के लोगो इस पर कब्जा करने का मौका नहीं दिया जाएगा। उन्हे कमीशन खाने का मौका नहीं दूंगा। कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड बताता है उसकी प्राथमिकता छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा को लूटना है। अब तक छत्तीसगढ़ के लोगो को कांग्रेस ने फायदा लेने नही दिया। युवा पीढ़ी जान ले आपके दादा दादी नानी नाना को नमक देकर कांग्रेस ने ठगा है चिरौंजी के बदले नमक देती थी कांग्रेस के समय केवल 10 से 12 वन उपज की एमएसपी तय थी आज भाजपा की सरकार 90 वन उपज को एमएसपी के दायरे में ला चुकी है। आदिवासियों का शोषण अब छत्तीसगढ़ में नही चलेगा। जैसे ही भाजपा सरकार आयेगी तेंदुपता संग्राहको के सारी योजनाएं लागू होगी। छत्तीसगढ़ के धान किसानों का दाना दाना, केंद्र की मोदी सरकार खरीदती है भाजपा की केंद्र की सरकार अब तक 1 लाख करोड़ का भुगतान कर चुकी है।

## रोहित शर्मा की बल्लेबाजी से डरे पाकिस्तानी गेंदबाज, शादाब ने कहा- 'भारतीय कप्तान के खिलाफ गेंदबाजी करना मुश्किल'



नई दिल्ली। वर्ल्ड कप 2023 के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम भारत आई है। वहीं इस दौरान पाकिस्तान के उप कप्तान और लेग स्पिनर शादाब खान ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। दरअसल, उन्होंने कहा है कि रोहित के खिलाफ गेदंबाजी करना सबसे मुश्किल होगा। वर्ल्ड कप 2023 के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम भारत आई है। बता दें कि,भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबले के लिए सभी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जो कि अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को खेला जाना है। अनुसार, शादाब ने कहा कि मैं रोहित शर्मा की तारीफ करना चाहूंगा। दुनिया के तमाम बल्लेबाजों की लिस्ट में उनके खिलाफ गेंदबाजी करना सबसे मुश्किल है। जब वे सेट हो जाते हैं तो सबसे ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं। साथ ही शादाब ने कहा कि, एशिया कप अच्छा नहीं गया। लेकिन आप गलतियों से ही सीखते हैं। एशिया कप में हार के बाद हमने आराम किया है। मुझे लगता है कि वर्ल्ड कप में स्किल के साथ-साथ मेंटली भी तैयार रहना होगा। जब आप रिलैक्स्ड होते हैं तो अच्छी तरह फैसले ले पाते हैं। शादाब खान की बात करें तो उन्होंने 64 वनडे मैचों में 734 रन बनाए हैं। इस दौरान 4 अर्धशतक लगाए। वे 83 विकेट ले चुके हैं। शादाब का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 27 रन देकर 4 विकेट लेना रहा है।

बता दें कि, भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान को बुरी तरह से हराया था। जहां उस टूर्नामेंट में दोनों टीमों का आपस में पहला मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था। वहीं दूसरे मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन कर बेहतरीन जीत अपने नाम की और फिर बाद में श्रीलंका को हराकर एशिया कप 2023 का खिताब भी अपने नाम किया।

## विश्व कप 2023 ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड सितारे बिखेरेंगे जलवा, लेजर शो का खास इंतजाम

नई दिल्ली। आईसीसी वर्ल्ड कप का आगाज 5 अक्टूबर को होने जा रहा। लेकिन उससे पहले 4 अक्टूबर को अहमदबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन भी किया जाएगा। समारोह के लिए सभी तैयारियां भी पूरी हो चुकी हैं। जिसमें शानदार लेजर शो से लेकर बॉलीवुड सितारे अपना जलवा बिखेरते नजर आएंगे। वहीं भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे ओपनिंग सेरेमनी शुरू होगी। इस बार वर्ल्ड कप ओपनिंग सेरेमनी में भारतीय विरासत को दिखाया जाएगा। साथ ही लेजर शो और आतिशबाजी भी होगी। वहीं इस खास मौके पर सभी दस टीमों के कप्तान भी आयोजन के दौरान मौजूद रह सकते हैं। जबकि इस समारोह में वही फैंस शामिल हो सकते हैं जिन्होंने एक दिन बाद इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड के मुकाबले के टिकट खरीदे हैं। वहीं आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 ओपनिंग सेरेमनी में गायक अरिजीत सिंह और शंकर महादेवन अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे, तो गायिका श्रेया घोषाल और आशा भोषले भी अपनी सुरों से लोगों को अभिभूत करेंगी। साथ ही बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंग और अभिनेत्री तमन्ना भाटिया भी अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मनोरंजन करते नजर आएंगे।

## भारतीय हॉकी टीम की सेमीफाइनल में एंट्री, बांग्लादेश को 12-0 से दी मात

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने अपने आखिरी पूल स्टेज में धमाकेदार जीत हासिल की है। इस दौरान भारत ने बांग्लादेश को 12-0 से रौंदा और पहले ही सेमीफाइनल में एंट्री कर ली। वहीं कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मनदीप सिंह की हैट्रिक की मदद से भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में ये शानदार जीत अपने नाम की है।



बता दें कि, भारतीय टीम ने पूल चरण के पांच मैचों में 58 गोल किये जबकि सिर्फ पांच गोल गंवाये। वहीं इससे पहले भारतीय टीम ने उजबेकिस्तान को 16-0 से , सिंगापुर को 16-1 से, पाकिस्तान को 10-2 से और जापान को 4-2 से हराया था। साथ ही भारत की तरफ से कप्तान हरमनप्रीत (दूसरा, चौथा और 32वां मिनट) और मनदीप सिंह ने (18वां, 24वां और 46वां मिनट) तीन तीन गोल दागे। वहीं अभिषेक (41वां और 57वां) ने दो गोल किये जबकि अमित रोहिदास (28वां) , ललित उपाध्याय (23वां), गुरजंत सिंह (56वां) और नीलाकांता शर्मा (47वां) ने एक एकगोल किये। दूसरी तरफ बांग्लादेश की टीम भारतीय टीम के सामने असहाय नजर आई। और गोल करने में असमर्थ रहे। फिलहाल, अब चार अक्टूबर को होने वाले सेमीफाइनल में भारत का सामना पूल बी की दूसरे नंबर की टीम से होगा।

### एशियाई खेल में कप्तानी कर रहे ऋतुराज ने मैच से पहले किया धोनी का ज़िक्र कहा- उनसे काफी कुछ सीखा, लेकिन...

हांगझोउ। उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी से काफी कुछ सीखा है लेकिन पहली बार एशियाई खेलों की क्रिकेट स्पर्धा में भारतीय पुरूष टीम की कप्तानी कर रहे रूतुराज गायकवाड़ ने कहा कि उनकी कप्तानी की अपनी शैली है। महिला टीम के बाद अब भारतीय पुरूष क्रिकेट टीम भी स्वर्ण पदक की दावेदार होगी। भारतीय टीम मंगलवार को क्वार्टर फाइनल खेलेगी।

इंडियन प्रीमियर लीग में धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेलने वाले गायकवाड़ ने कहा ,'' मैने धोनी से बहुत कुछ सीखा है लेकिन हर व्यक्ति की अपनी शैली होती है। उनकी शैली अलग है, उनकी शख्सियत अलग है और मेरी अलग है।' उन्होंने कहा ,'' मैं उनके जैसा कुछ करने की बजाय अपनी शैली से खेलूंगा। हालात का सामना करने और खिलाड़ियों के सही उपयोग को लेकर उनसे मिली सीख को मैं जरूर अमल में लाऊंगा।

## अफगानिस्तान क्रिकेट ने अजय जडेजा को बनाया मेंटॉर, विश्व कप के लिए लिया अहम फैसला

नई दिल्ली। आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 के लिए अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व भारतीय खिलाड़ी अजय जडेजा को अफगानिस्तान क्रिकेट टीम का मेंटॉर बनाया है। 2015 और 2019 के वर्ल्ड कप में अफगान टीम ने खराब प्रदर्शन किया था। जिसके चलते इस वर्ल्ड कप के लिए बोर्ड ने ये फैसला किया है।

बता दें कि, अफगानिस्तान ने 2019 के वनडे वर्ल्ड कप में सभी मैच गंवा दिए थे। टीम ने 9 मुकाबले खेले थे। जिसमें टीम को किसी भी मुकाबले में जीत हासिल नहीं हुई। वहीं इससे पहले 2015 के वनडे वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान ने कुल 6 मुकाबले खेले थे। जिसमें टीम ने 5 गंवाए थे और महज 1 में ही जीत दर्ज की थी। ऐसे में इस बार टीम आगामी वर्ल्ड कप में अच्छा प्रदर्शन जरूर करना चाहेगी।




बहरहाल, भारत की मेजबानी में होने वाले वर्ल्ड कप की शुरुआत 5 अक्टूबर से होगी। जबकि अफगान टीम अपना पहला मुकाबला 7 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ धर्मशाला में खेलेगी। फिर अफगानी टीम की दूसरी भिड़ंत भारत से 11 अक्टूबर को दिल्ली में होगी।

वहीं अजय जडेजा की बात करें तो उन्होंने 1996 के वर्ल्ड कप में भारत के लिए खेला था। ऐसे में वे वर्ल्ड कप में अफगान टीम के लिए काफी कारगर साबित हो सकते हैं। अजय ने भारत के लिए 15 टेस्ट और 196 वनडे खेले हैं। जिनमें उन्होंने 179 वनडे पारियों में 5359 रन बनाए हैं। साथ ही उन्होंने 1992 से 2000 तक भारत के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेला है।

## भारतीय महिला कबड्डी टीम ने चीनी ताइपे से 34-34 से ड्रॉ खेला

मुम्बई। भारतीय महिला कबड्डी टीम की एशियाई खेलों में शुरुआत अपेक्षित नहीं रही जब ग्रुप ए में चीनी ताइपे ने उसे 34-34 से बराबरी पर रोक दिया। चीनी ताइपे ने पूरे मुकाबले के दौरान भारतीय टीम को कड़ी टक्कर दी और अंतिम रेड पर बोनस अंक के साथ मुकाबले को ड्रॉ कराया। महिला टीम अपने अगले मैच में मंगलवार को दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी जबकि पुरुष टीम ग्रुप ए में बांग्लादेश के खिलाफ उतरेगी। भारतीय महिला टीम ने धीमी शुरुआत की लेकिन वापसी करते हुए पहले हाफ के बाद बढ़त बनाने में सफल रही। डिफेंड सियु चेन फेंग ने भारतीय को परेशान किया लेकिन इसके बावजूद टीम पहले हाफ के बाद 17-15 से आगे थी। दूसरे हाफ में भारत अपनी बढ़त को 23-17 करने में सफल रहा लेकिन चीनी ताइपे की टीम ने वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। दूसरे हाफ के अंतिम पलों में निधि ने दावा किया कि उन्होंने विरोधी खिलाड़ी को छुआ है लेकिन रैफरी ने उनकी बात मानने से इनकार कर दिया। पूजा ने रेड अंक के साथ स्कोर 32-32 किया। भारत ने एक बार फिर बढ़त बनाई लेकिन चीनी ताइपे ने मुकाबला ड्रॉ करा दिया।



## स्वप्ना बर्मन ने ब्रॉन्ज मेडल विजेता नंदिनी को बताया ट्रांसजेंडर,कहा-'वह पदक की हकदार नहीं'

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय हेप्टाथलॉन एथलीट स्वप्ना बर्मन ने सोमवार सुबह अपनी साथी खिलाड़ी और एशियन गेम्स में ब्रॉन्ज जीतने वाली नंदिनी अगसारा पर ट्रांसजेंडर होने का आरोप लगाया है। साथ ही उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि नंदिनी लड़की नहीं ट्रांसजेंडर हैं और इस कारण से वह हेप्टाथलॉन के ब्रॉन्ज मेडल की हकदार नहीं है। स्वप्ना ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर कहा कि नंदिनी टेस्ट के डर से खेलगांव छोड़कर भाग गई हैं। उन्होंने फैंस से उनका साथ देने की भी अपील की है।

बता दें कि, स्वप्ना ने कहा कि, मैं एशियन गेम्स में महज चार अंकों के अंतर से चौथे स्थान पर रही। खेल में हार-जीत चलती रहती है लेकिन सिर्फ तब जब सही रास्ता हो। मुझे अब आपसे एक बात कहनी है जो कि कहनी ही पड़ेगी। दरअसल, मेरे साथ जो भारत से लड़की आई है अगसारा नंदिनी वह एक ट्रांसजेंडर हैं। उसे देखकर ऐसा



ही लगता है। वह खुद भी ये मान चुकी है। अगर वह ऐसी है तो उसे क्यों खेलने के लिए भेजा गया है। उनको नहीं भेजना चाहिए था। मैंने कई जगह शिकायत की, मैं अब दोबारा शिकायत करूंगी। वह ट्रांसजेंडर है इसका मतलब ये नहीं कि मैं उनसे नफरत करती हूं। हालांकि, अगर ये कहा जाता है कि फेयर खेला तो मेरे साथ ऐसा क्यों किया गया है। मेरे इवेंट में ऐसा क्यों किया गया है। स्वप्ना ने आगे कहा कि, हमारी एक महीने का ट्रेनिंग ट्रांसजेंडर के लिए एक दिन का ट्रेनिंग है क्योंकि उनके शरीर में टेस्टारोन की स्तर बहुत ज्यादा होता है। हमें 6 तारीख को वापस जाना था लेकिन वह उससे पहले ही गेम्स विलेज से भाग गई है। उनका कहना है कि उनका टिकट आज का ही था लेकिन सबका टिकट 6 तारीख का था। उसे पता था कि मैंने यहां शिकायत की है और अब उसका टेस्ट होगा इसलिए वह पहले ही भाग गई। उसका टिकट किसने किया है, मैं क्या करूं। मेरे साथ-साथ कई खिलाड़ियों से मौका छिन रहा है। अगर मेरा ये मेडल नहीं आएगा तो मैं सबके बारे में बता दूंगी। सबने मुझसे चुप रहने का कहा लेकिन अब मैं चुप नहीं रहूंगी, मुझे मानसिक तौर पर परेशान किया गया है।

## भारत घुड़सवारी इवेंटिंग जंपिंग टीम और व्यक्तिगत वर्ग में आखिरी स्थान पर

नई दिल्ली। भारतीय घुड़सवारों ने एशियाई खेलों में सोमवार को टीम और व्यक्तिगत जंपिंग फाइनल में निराशाजनक प्रदर्शन किया और आखिरी स्थान पर रहे। कुल 1077 . 20 पेनल्टी अंक के साथ भारतीय टीम पांचवें और आखिरी स्थान पर रही। चीन ने 86 . 80 पेनल्टी अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। जापान (92.70) को रजत और थाईलैंड (93



. 90) को कांस्य पदक मिला। भारतीय टीम में विकास कुमार, अपूर्व दाभाडे और आशीष लिमये थे। आशीष शनिवार को क्रॉसकंट्री में दो जंप चूकने के कारण बाहर हो गए थे। व्यक्तिगत वर्ग में विकास मामूली अंतर से शीर्ष तीन में जगह बनाने से चूके और चौथे स्थान पर रहे। उन पर ड्रेसेज में 32 . 40 और क्रॉसकंट्री में 8 . 80 पेनल्टी अंक लगे। दाभाडे 12वें स्थान पर रहे।

## एशियन गेम्स 2023 में विथ्या रामराज का कमाल, पीटी उषा के 39 साल पुराने नेशनल रिकॉर्ड की बराबरी की

नई दिल्ली (एजेसी)। चीन में जारी एशियन गेम्स 2023 में भारत की एथलीट विथ्या रामराज ने कमाल कर दिया। उन्होंने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में अगले दौर के लिए क्वालिफाई किया है और साथ ही साथ नेशनल रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली है। भारत के लिए ये रिकॉर्ड महान एथलीट पीटी उषा ने 39 साल पहले 1984 में बनाया था।

भारत के लिए 100 मीटर, 400 मीटर और 400 मीटर बाधा दौड़ में भाग लेने वाली विथ्या रामराज ने सोमवार 2 अक्टूबर की सुबह विमेंस 400 मीटर हर्डल्स रेस में विथ्या रामराज ने पीटी उषा के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। बता दें कि, 1984 में पीटी उषा





ने 55.42 सेकेंड में ये दौड़ पूरी की थी। इतने ही समय में विथ्या ने भी ये कर दिखाया है। इससे पहले विथ्या रामराज का बेस्ट रिकॉर्ड 55.43 सेकेंड था। इस तरह ये पर्सनल बेस्ट भी है।

वुमेंस 400 मीटर हर्डल्स रेस में विथ्या रामराज ने हीट 1 में हिस्सा लिया और उन्होंने 0.184 के रिएक्शन टाइम के साथ 55.42 सेकेंड में अपनी रेस को पूरा किया। वे अपनी हीट में पहले नंबर पर रहीं और फाइनल के लिए क्वॉलिफाई कर लिया। विथ्या के बाद दूसरे स्थान पर बहरीन की जमाल अमीनत थीं। जिन्होंने 56.22 सेकेंड में अपनी रेस पूरी की। वहीं, तीसरे स्थान पर कजाकिस्तान की जेम्स एडेलिना थीं।

## तेजस्विन डेकाथलन में 5वें स्थान पर,वित्या ने की पीटी उषा के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी

नई दिल्ली। भारत के तेजस्विन शंकर शॉटपुट में सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एशियाई खेलों में सोमवार को पुरूषों की डेकाथलन स्पर्धा में पांचवें स्थान पर पहुंच गए जबकि दो स्पर्धायें अभी बाकी हैं। पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों में ऊंची कूद में कांस्य पदक जीतने वाले शंकर ने शॉटपुट में 13 . 39 मीटर का थ्रो फेंका। उन्होंने 100 मीटर दौड़ में 11 . 12 मीटर के साथ चौथा स्थान हासिल किया और लंबी कूद में 7 . 37 मीटर के साथ शीर्ष रहे। अब उनके कुल 2428 अंक है। उन्हें लंबी कूद में 903, 100 मीटर रेस में 834 और शॉटपुट में 691 अंक मिले। अब वह ऊंची कूद और 400 मीटर रेस मे भाग लेंगे।



भारत की वित्या रामराज ने 400 मीटर बाधा दौड़ में पी टी उषा के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की। उसने अपनी हीट में 55 . 42 सेकंड का समय निकालकर सीधे फाइनल में जगह बनाई। उषा ने 1984 में यह रिकॉर्ड बनाया था। रवि सिंचल कावेरम टी 58 . 62 सेकंड का समय निकालकर अपनी हीट में पांचवें स्थान पर रही और फाइनल में नहीं पहुंच सकी। पुरूषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में संतोष कुमार टी औरयशास पलक्षा ने 49 . 28 और 49 . 61 सेकंड का समय निकालकर फाइनल में जगह बनाई। पुरूषों की ऊंची कूद में संदेश जेस्से और सर्वेश अनिल कुशारे ने 2 . 10 मीटर की कूद लगाकर नौवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। संदेश पूल ए में छठे और सर्वेश पूल बी में चौथे स्थान पर रहे।

पुरूषों की 800 मीटर हीट में मोहम्मद अफजल पी 1 : 46 . 79 सेकंड का समय निकालकर अपनी हीट में शीर्ष रहे जबकि कृष्णन कुमार 1 : 49 . 45 सेकंड के समय के साथ अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रहे। दोनों ने फाइनल में जगह बनाई।

## सुतीर्था और अहिका ने टेबल टेनिस युगल में जीता ब्रॉन्ज मेडल

मुम्बई। सुतीर्था मुखर्जी और अहिका मुखर्जी को एशियाई खेलों में सोमवार को टेबल टेनिस महिला युगल सेमीफाइनल में कोरिया से कड़े मुकाबले में 3 . 4 से हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। सुतीर्था और अहिका ने 2 . 3 से पिछड़ने के बाद वापसी की लेकिन कोरिया की सुगियोंग पाक और सुयोग चा ने निर्णायक गेम में बाजी मार ली। उन्होंने एक घंटे तक चला मुकाबला 7 . 11, 11 . 8, 7 . 11, 11 . 8, 11 . 9, 5 . 11, 11 . 2 से जीता। इससे पहले भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में विश्व चैम्पियन चीन की चेन मेंग और यिडि वांग को हराया था। इसके साथ ही टेबल टेनिस में अब भारत की चुनौती समाप्त हो गई। इस बार भारत ने टेबल टेनिस में यही एक पदक जीता है।



### मंडी बोर्ड के संभागीय कार्यालय में लोकेश सहायक वर्ग 3 के दवाब में अनदेखी

पुष्पांजली टुडे

श्री लोकेश सहायक वर्ग 3 जो की मंडी बोर्ड के संभागीय कार्यालय ग्वालियर में पदस्थ थे इनको अपने विभाग के मंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा एवं गलत शब्दों का सोसलमीडिया में प्रयोग करने के कारण 26/9/2023 को सस्पेंड करके श्योपुर कृषि मंडी में अटैच कर दिया गया था परंतु इसके द्वारा आज दिनांक तक ग्वालियर में ही हाजिरी रजिस्टर पर साइन किए जा रहे है लगता है अधिकारी एसके किसी दबाव में है या अधिकारियों ने इसको पूर्ण छूट दे रखी है जिसके कारण नियम और कानून की पूर्णतः अनदेखी की जा रही है।

# एक सर्जरी के कारण प्रियंका चोपड़ा के हाथ से निकल गई थी कई फिल्में, अनिल शर्मा ने किया खुलासा



नई दिल्ली (एजेंसी)। फिल्म गदर 2 के निर्देशक अनिल शर्मा इन दिनों अपनी फिल्म की सफलता का आनंद उठा रहे हैं। गदर 2 हिंदी भाषा में सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। फिल्म की सफलता के बाद से लगातार अनिल शर्मा चर्चा में बने हुए हैं। अनिल शर्मा ने हाल ही में ग्लोबल अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा के बारे में भी बात की है। बता दें कि अनिल शर्मा और ग्लोबल अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा के बीच रिश्ते हमेशा से अच्छे रहे हैं। हाल ही में देगा इंटरव्यू में अनिल शर्मा ने प्रियंका चोपड़ा को लेकर बड़ा खुलासा किया है। आज के समय में जब प्रियंका पूरी दुनिया पर राज कर रही है मगर करियर के शुरुआती दिनों में उनकी स्थिति एक बार काफी खराब हो गई थी जब उन्हें फिल्मों से निकाल दिया गया था, जिसके पीछे उनकी नाक को जिम्मेदार ठहराया गया था। अनिल ने बताया कि प्रियंका चोपड़ा की करियर की शुरुआती दिनों में उन्होंने नाक की एक सर्जरी कराई थी जो खराब हो गई थी। इस सर्जरी के खराब होने के कारण प्रियंका काफी परेशान हो गई थी। उन्होंने बताया कि प्रियंका ने एडवांस चेक भी लौटा दिया था जो उन्हें दिया गया था। हालांकि इस कठिन समय में भी अनिल ने प्रियंका का साथ नहीं छोड़ा। इंटरव्यू में अनिल शर्मा ने बताया की फिल्म द हीरो के लिए प्रियंका चोपड़ा को साइन किया गया था लेकिन जब प्रियंका सर्जरी के बाद लौटी तो उन्हें पहचानना काफी मुश्किल था। उन्होंने कहा कि प्रियंका के साथ उसे समय बहुत बड़ी त्रासदी हो गई थी। दरअसल प्रियंका चाहती थी कि वह जूनियर रॉबट्र्स की तरह दिखे इसलिए उन्होंने अपनी नाक की सर्जरी कराई। अनिल ने कहा कि जैसे ही यह सब हुआ मैंने प्रियंका को बुलाया और वह अपनी मां के साथ आई। प्रियंका ने ऑपरेशन और नाक के नीचे आए एक निशान के बारे में बताया और लगातार रोती रही। नाक की इस सर्जरी के कारण प्रियंका को कई अहम और बड़े प्रोजेक्ट्स से हाथ धोना पड़ा था जिसके लिए उन्हें पहले साइन किया गया था। अनिल ने कहा कि प्रियंका ने फैसला किया था कि वह बरेली जाएंगी और कुछ महीनों बाद वापस लौटेंगी। इस दौरान प्रियंका ने यह भी कहा था कि वह मुझे अपना साइन किया हुआ अमाउंट वापस कर देंगी। हालांकि अनिल ने कहा की इस कठिन समय में वो प्रियंका के साथ खड़े तरह थे।

प्रियंका चोपड़ा जबसे देश वापस आई हैं लगातार उनकी तस्वीरें और वीडियोज इंटरनेट पर छाए हुए हैं। बीती रात कुछ तस्वीरें सामने आई जिनमें पैर की चोट के बावजूद प्रियंका फिल्म 'द स्काई इज पिंक' की रैपअप पार्टी में नजर आ रही हैं। जिसके बाद से लगातार प्रियंका की एनर्जी की तारीफ हो रही है। वहीं अब इस पार्टी के इनसाइड वीडियोज भी सामने आ चुके हैं। जिन्हें देखकर हर कोई हैरत में है। जी हां! इन सामने आए वीडियोज में प्रियंका चोपड़ा पैर में चोट होने के बाद भी जमकर नाचती और थिरकती नजर आ रहीं हैं। प्रियंका का व्हाइट ड्रेस और येलो बूट्स लुक वायरल हो गया है। इस लुक में खास बता ये है कि प्रियंका के घुटने में ब्लैक बैंडेज नजर आ रहा है। प्रियंका को शायद चोट लगी ये या फिर उन्हें घुटने में कोई प्रॉब्लम हुई है। इस वीडियो में प्रियंका अपने ही गाने 'धक धक धड़के' पर डांस करती नजर आ रही हैं। प्रियंका पैर की चोट के बाद भी पूरी एनर्जी की साथ थिरक रही हैं। इस पार्टी के कुछ दूसरे वीडियोज भी प्रियंका के फैंस कर वॉल पर नजर आ रहे हैं। इन वीडियो को देखने के बाद प्रियंका के फैंस उनकी एनर्जी के दीवाने हुए जा रहे हैं।

# ओटीटी शो पर तंबाकू संबंधी चेतावनी को लेकर भारत सरकार ने कड़े नियमों में किया बदलाव

नई दिल्ली। क्या हॉटस्टार, अमेज़ॅन और नेटफ्लिक्स जैसे ओटीटी प्लेटफार्मों पर फिल्मों और टीवी श्रृंखलाओं में लंबी अवधि के धूम्रपान की चेतावनी होनी चाहिए? जबकि केंद्र सरकार ने इस साल मई में इस मामले पर नए नियम जारी किए थे, स्ट्रीमिंग वेबसाइटों ने कुछ आपत्तियां उठाई थीं। लेकिन, जल्द ही कोई समझौता हो सकता है। एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार ऐसे प्लेटफार्मों पर सख्त तंबाकू चेतावनियों के लिए 'व्यावहारिक समाधान' खोजने पर सहमत हुई हैं। 28 अगस्त को एक बंद कमरे में हुई



बैठक में, स्ट्रीमिंग अधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्रालय और सूचना और प्रसारण (I&B) मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात की और मई के नियमों में ढील देने की मांग की क्योंकि वे उपयोगकर्ताओं के देखने के अनुभव को प्रभावित कर सकते हैं। फेसबुक, व्हाट्सएप और गूगल जैसे प्लेटफार्मों पर संभावित प्रतिबंधों के खतरे को दरकिनार करते हुए, भारत के दूरसंचार निगरानीकर्ता ने सोमवार को कहा कि ओवर-द-टॉप (ओटीटी) संचार सेवाओं को वर्तमान में नियामक ढांचे की आवश्यकता नहीं है। भारत की टेलीकॉम कंपनियां लंबे समय से उन ऐप्स के विनियमन की पैरवी कर रही हैं जो इंटरनेट पर मुफ्त वॉयस और टेक्स्ट सेवाएं प्रदान करते हैं, उनका तर्क है कि ऐसी सेवाएं उनके राजस्व को कम करती हैं। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने एक बयान में कहा, 'वर्तमान में निर्धारित मौजूदा कानूनों और विनियमों से परे, ओटीटी सेवाओं के रूप में संदर्भित सेवाओं के विभिन्न पहलुओं के लिए एक व्यापक नियामक ढांचे की सिफारिश करना उपयुक्त क्षण नहीं है।' ट्राई ने यह भी कहा कि ओटीटी सेवाओं की गोपनीयता और सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर किसी नियामक हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। फेसबुक, व्हाट्सएप और गूगल ने टिप्पणी के अनुरोधों का तुरंत जवाब नहीं दिया। नेट न्यूट्रैलिटी कार्यकर्ताओं ने ट्राई के फैसले का स्वागत किया, लेकिन टेलीकॉम उद्योग लॉबी समूह, सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने कहा कि ट्राई ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) और के बीच नियामक असंतुलन और गैर-स्तरीय खेल मैदान जैसे मुद्दों का समाधान नहीं किया है। ओटीटी संचार खिलाड़ी। सीओएआई के महानिदेशक एसपी कोचर ने एक बयान में कहा, 'इन मुद्दों के समाधान के बिना टीएसपी ओटीटी संचार सेवा प्रदाताओं की तुलना में नुकसानदेह स्थिति में बने रहेंगे।'

# ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ की फिल्म में नजर आएगी ये एक्ट्रेस

मुम्बई। बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर पिछले कई दिनों से लाइमटाइम से बाहर चल रही थीं



लेकिन आज सुबह ही वाणी ने अपनी कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। नियोन कलर की मॉनोकनी फोटोज शेयर करके वाणी कपूर फिर से चर्चा में छाई हुई है। वाणी इन दिनों हॉलीडे पर हैं और उनकी फोटोज देखकर फैंस दीवाने हुए जा रहे है। बता दें कि वाणी 'फाइटर्स' में ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ के साथ नजर आएंगी जिसे सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं। वहीं 'शमशेरा' में वाणी एक्टर रणबीर कपूर और संजय दत्त के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी।

अपनी फोटोज शेयर करते हुए वाणी ने लिखा कि इस समय मेरा माइंड कुछ ऐसा चल रहा है। इन फोटोज को अबतक एक लाख से ज्यादा लोग देख चुके है। वाणी के इन फोटोज पर यूजर्स कई तरह के कमेंट कर रहे हैं। इसी के साथ कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा ने भी 'जस्ट टेक इट ईजी' कमेंट किया है। बता दें कि 30 साल की एक्ट्रेस बिना किसी को बताए अपने कुछ दोस्तों के साथ वेकेशन पर हैं। कई फोटोज में वाणी अपने दोस्तों के साथ मजे करती नजर आ रही है। वाणी दो साल पहले 2016 में रणवीर सिंह के साथ 'बेफिक्रे' में नजर आई थीं। इसके बाद इनकी अभी तक कोई फिल्म नहीं आई है। अब इनकी दो फिल्में 'फाइटर्स' और 'शमशेरा' बॉक्स ऑफिस पर छाने को तैयार हैं।

## जेनिफर लोपेज के बाद अब शाहिद कपूर-मीरा राजपूत करेंगे यह काम!

अभिनेता शाहिद कपूर और उनकी पत्नी मीरा ने भारतीय योग और वेलनेस स्टार्टअप सारवा (एसएआरवीए) में निवेश किया है और अब इसके साथ ही वे लोगों को योग आधारित वेलनेस को आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करने वाली हस्तियों की सूची में शामिल हो गए हैं। इनमें जेनिफर लोपेज, एलेक्स रोड्रिगेज और कई अन्य हस्तियां भी शुमार हैं। एक योगी से उद्यमी बने सर्वेश शशि की अगुआई में स्टार्टअप सारवा में वैश्विक निवेशकों की सूची में बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा भी शामिल है। बॉलीवुड के सबसे फिट कलाकारों में से एक शाहिद के फिटनेस रूटीन से कई लोग प्रेरित है जबकि मीरा स्वस्थ जीवनशैली और ऑर्गेनिक खानपान की समर्थक रहीं है। शाहिद ने एक बयान में कहा, 'फिटनेस और वेलनेस के साथ मेरे सफर की शुरुआत दो दशक पहले हुई थी जब मैं एक टीनएजर था।' शाहिद ने आगे कहा, 'इन सालों में मैंने फिटनेस और एक स्वस्थ जीवन के फायदों को देखा है इसलिए जब हम सर्वेश से मिले तो सारवा से हम तुरंत जुड़ सके।

# ब्रेकअप के एक साल बाद आशा नेगी तोड़ी चुप्पी

मुम्बई। आशा नेगी इन दिनों अपने वेब शो 'ख्वाबों के परिंदे' को लेकर चर्चा में है। गुरुवार को ही इस शो का ट्रेलर रिलीज हुआ है, जबकि 14 जून को 'वूट' ऐप पर पूरी सीरीज रिलीज होगी। आशा नेगी और रित्वकि का ब्रेकअप कुछ-कुछ वैसा ही था, जैसे बॉलिवुड में रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण का। अब 'पिंकविला' को दिए इंटरव्यू में आशा नेगी ने कहा है कि ब्रेकअप के एक साल बाद वह और रित्वकि दोनों अच्छे दोस्त है और उनके बीच सबकुछ सामान्य है।

आशा नेगी कहती है, 'यह अच्छा है। हम दोनों के 'गुड टर्म्स' पर है। हमारी जब भी बात होती है, अच्छे से होती है। हमारे बीच अब फॉर्मल रिलेशन है। हम एक दूसरे से कोई काम की बात शेयर करने के लिए ही बात करते है। रिश्ते में कोई खटास नहीं है और यह अच्छा है।'

आशा नेगी आगे कहती है, 'रित्वकि अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गया है। मैं भी मूव ऑन कर चुकी हूं और मुझे लगता है कि अब इस बात को एक साल से अधकि वक्त हो गया है। इसलिए हम सभी को



ऐसे हालात में मूव ऑन कर लेना चाहिए। आप हमेशा अपने सामने वाले शख्स की खुशी चाहते है। उसे स्वस्थ और सक्सेसफुल देखना चाहते हैं। हमारे साथ भी ऐसा ही है। मुझे लगता है कि यही सबसे जरूरी है। यही इस बाद के रिश्ते की खूबसूरती है।'

एक साल पहले जब आशा नेगी और रित्वकि के ब्रेकअप की खबर आई थी, तब रित्वकि के एक अजीब इंस्टाग्राम पोस्ट ने आग में घी डालने का काम किया था। रित्वकि ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा था, 'कुछ भी वापस सामान्य नहीं होना चाहिए। सामान्य होना काम नहीं कर रहा था। अगर हम वापस उसी राह पर चले जाते है जैसे चीजें थीं, तो हमने कोई सबक नहीं लिया। अच्छा होगा कि हम इससे ऊपर उठें और बेहतर करें।'

बहरहाल, यह अच्छी बात है कि ब्रेकअप के बाद आशा और रित्वकि दोनों के रिश्ते अब दोस्तों से ज्यादा शुभचिंतकों वाले हैं। वर्कफ्रंट पर आशा नेगी जहां टीवी से दूर अब वेब शोज पर फोकस कर रही है, वहीं रित्वकि धनजानी इन दिनों 'सुपर डांसर 4' शो को होस्ट कर रहे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि दोनों ने अपने ब्रेकअप और उसके बाद अपने रिश्ते को पूरी परिपक्वता के साथ संभाला है।

## मंदिर में पत्नी के साथ नजर आए खेसारीलाल

भोजपुरी फिल्म जगत के सुपरस्टार खेसारीलाल यादव की आज सालगिरह है। हर साल की तरह इस साल भी वह अपने परिवार के साथ अपनी सालगिरह बेहद सामान्य अंदाज में मना रहे है। अपनी सालगिरह के दिन खेसारीलाल यादव अपनी पत्नी चंदा देवी और दोनों बच्चों के साथ मंदिर में पूजा करने पहुंचे। जहां खेसारीलाल और उनकी पत्नी ने साथ में पूजा की और भगवान का आशीर्वाद लिया। आपको बता दें, खेसारीलाल यादव एक ऐसे अभिनेता है, जो दर्शकों के दिलों पर राज करते है। लोग उन्हें उनके शानदार अभिनय और उनके संगीत के लिए पसंद करते है। खेसारीलाल ने अपनी इस पहचान को बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है।

# 'आंख मिचौली' का ट्रेलर रिलीज, मृणाल ठाकुर और अभिमन्यु दसानी की शादी में होगा हंगामा

मुम्बई। आंख मिचौली का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में मृणाल ठाकुर और अभिमन्यु दसानी मुख्य भूमिका में हैं। उमेश शुक्ला की अगली फिल्म आंख मिचौली का ट्रेलर हाल ही में लॉन्च किया गया है और यह त्यौहारी सीज़न के दौरान हमारा मनोरंजन करने के लिए एक शानदार कलाकार के साथ एक मनोरंजक यात्रा का वादा करता है। फिल्म में मृणाल ठाकुर और अभिमन्यु दसानी मुख्य भूमिका में हैं।

आंख मिचौली का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एक भारतीय शादी के इर्द-गिर्द स्थापित यह फिल्म दो बेमेल परिवारों के पागलपन और उनकी पागल चालों को दिखाती है जो दर्शकों को हंसी, नाटक और भावनाओं से भरी एक आनंदमय यात्रा पर ले जाएगी। ट्रेलर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए मृणाल ने लिखा, 'यहां आपकी आंखों के लिए एक छोटी सी दावत है! पूरे परिवार के लिए हंसी-मजाक और मौज-मस्ती से भरे बेहतरीन मनोरंजन के लिए तैयार



हो जाइए। आंख मिचोली का ट्रेलर अब रिलीज! ध्यान से देखें, इसमें जो दिखता है उससे कहीं अधिक है।'

फिल्म में परेश रावल, मृणाल ठाकुर, अभिमन्यु, शरमन जोशी, दिव्या दत्ता, अभिषेक बनर्जी, दर्शन जरीवाला, ग्रुशा कपूर और विजय राज़ हैं और फिल्म का संगीत बेहद प्रतिभाशाली जोड़ी सचिन-जिगर ने बनाया है।

उमेश शुक्ला द्वारा निर्देशित, जीतेंद्र परमार द्वारा लिखित और सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस, उमेश शुक्ला और आशीष वाघ के मैरी गो राउंड स्टूडियो द्वारा निर्मित, आंख मिचोली 27 अक्टूबर को पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# अलीगढ़' के लिए मनोज बाजपेयी नहीं, गोविंदा थे हंसल की पहली पसंद

## फिल्म निर्माता ने इंटरव्यू में किया खुलासा

मुम्बई। फिल्म निर्माता हंसल मेहता ने हाल ही में साझा किया था कि वह अपनी प्रशंसित फिल्म 'अलीगढ़' में मुख्य भूमिका के लिए गोविंदा को लेना चाहते थे, जिसमें मनोज बाजपेयी और राजकुमार राव प्रमुख भूमिकाओं में थे।

लल्लनटॉप के साथ एक साक्षात्कार में मेहता ने कहा, 'कभी-कभी जब आप स्क्रिप्ट लिखते समय किसी अभिनेता के बारे में सोचते हैं, तो आप उस अभिनेता पर अटक जाते हैं। मेरे साथ पहले भी ऐसा हुआ है जब एक अभिनेता ने एक प्रोजेक्ट करने से इनकार कर दिया था जो मैंने उसे रखकर लिखा था मेरा मन। तो, उस स्थिति में मुझे कहानी को पूरी तरह से छोड़ना पड़ा या





इसे पुनः कैलिब्रेट करना पड़ा और इसे वर्षों बाद बनाना पड़ा। यह मेरे साथ अलीगढ़ के दौरान हुआ था। जब मैं अलीगढ़ के लिए कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा के साथ बैठा, तो मैंने उनसे कहा, 'यार, चलो 'गोविंदा से बात करो।' अलीगढ, अलीगढ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. श्रीनिवास रामचन्द्र सिरस के जीवन पर केंद्रित है। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर सफलता नहीं मिली, लेकिन 'अलीगढ़' आलोचकों को प्रभावित करने में कामयाब रही और वर्तमान में रॉटन टोमाटोज़ पर 85 प्रतिशत दर्शक रेटिंग रखती है, जबकि आलोचनात्मक सहमति 100 प्रतिशत रेटिंग का दावा करती है।

फिल्म में मनोज और राजकुमार राव के अलावा दिलनाज़ ईरानी, इश्वाक सिंह और आशीष विद्यार्थी भी अहम भूमिका में थे। अलीगढ प्राइम वीडियो,"5 और भ्दल्ऊलं पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है।

# लता मंगेशकर की जयंती पर प्रधानमंत्री ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महान गायिका लता मंगेशकर की 94वीं जयंती पर बृहस्पतिवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लता दीदी को



उनकी जयंती पर याद कर रहा हूं। भारतीय संगीत में उनका योगदान दशकों तक रहा है, जिसने एक चिरस्थायी प्रभाव पैदा किया हैं। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने गहरी भावनाओं को जगाया है। उनका हमारी संस्कृति में हमेशा एक विशेष स्थान रहेगा। लता मंगेशकर का जन्म 28 सितंबर, 1929 को हुआ था। उन्होंने बॉलीवुड में अनगिनत सदाबहार गाने गाए हैं।

# सुशांत सिंह की जिंदगी पर बनीं फिल्म पर नहीं लगेगी रोक

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने फिल्म 'न्याय : द जस्टिस' की रिलीज पर रोक लगाने से बृहस्पतिवार को इनकार कर दिया। यह फिल्म बॉलीवुड के दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की जिंदगी पर कथित तौर पर आधारित है। फिल्म इस शुक्रवार को रिलीज होने वाली है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने राजपूत के पिता कृष्ण किशोर सिंह की ओर से दायर याचिका को खारिज कर दिया। सिंह ने फिल्मों में अपने बेटे के नाम या किसी भी तरह की समानता के इस्तेमाल पर रोक लगाने का अनुरोध किया था।

न्यायमूर्ति संजीव नरूला की एकल पीठ ने अभिनेता के पिता द्वारा आगामी फिल्म की रिलीज के खिलाफ अंतरिम निषेधाज्ञा की



मांग करने वाले आवेदन में यह आदेश पारित किया। दिल्ली उच्च न्यायालय को बुधवार को बताया गया कि 'न्यायः द जस्टिस' सुशांत के कैरिकेचर, नाम या समानता को चित्रित नहीं करती है क्योंकि यह उन पर एक बायोपिक नहीं है।

11 जून को रिलीज होने वाली फिल्म के निर्माता और निर्देशक द्वारा कोर्ट में अपनी सफाई प्रस्तुत की गयी थी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया और फिल्म के निर्माताओं और निर्देशक से फिल्म को रिलीज नहीं करने के लिए कहा। जब तक अदालत अपना फैसला सुनाती है।

राजपूत के पिता - कृष्ण किशोर सिंह द्वारा दायर याचिका के अनुसार - उनके बेटे के जीवन पर आधारित कुछ आगामी या प्रस्तावित फिल्म परियोजनाएं हैं - 'न्यायः न्याय', 'आत्महत्या या हत्याः एक सितारा खो गया', 'शशांक, 'और भी कई तरीके की फिल्में सुशांत सिंह राजपूत की जिंदगी को लेकर बनायी जा रही हैं। इस फिल्मों पर रोक लगाने के लिए सुशांत के पिता ने कोर्ट में याचिका दायर की थी।

राजपूत के पिता ने तर्क दिया है कि फिल्म निर्माता व्यावसायिक लाभ के लिए स्थिति का फायदा उठा रहे हैं और इसलिए, भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार उन पर लागू नहीं होगा। आने वाली और प्रस्तावित फिल्मों के फिल्म निर्माताओं ने राजपूत के पिता की दलीलों का विरोध किया है।

# रोहित शेट्टी ने दिखाया सलमान खान से भाईचारा

मुम्बई। एक बार फिर रोहित शेट्टी ने साबित किया है कि वह सलमान खान के लिए छोटे भाई की तरह है, सलमान खान भी उनके इस प्यार इमोशनल हो गए हैं। दरअसल बात ही कुछ ऐसी है कि भाईजान भी अपने छोटे भाई का बडप्पन देखकर कुछ भावुक हो गए हैं। क्योंकि रोहित ने आगामी ईद पर रिलीज होने जा रही अपनी अक्षय कुमार स्टारर 'सूर्यवंशी' की रिलीज डेट में बस सलमान के लिए बदलाव कर डाला है। पूरे हफ्ते से बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान बॉक्स ऑफिस पर छाए हुए हैं। हाल ही में ईद पर रिलीज हुई उनकी फिल्म 'भारत' ताबडतोड कमाई कर रही है। वहीं इसके साथ ही सलमान ने अगली ईद पर अपनी फिल्म 'इंशाल्लाह' के रिलीज की घोषणा भी कर दी थी। लेकिन इस खबर के बाद से रोहित शेट्टी की 'सूर्यवंशी' और 'इंशाल्लाह' के आपस में टकराने की खबरें सामने आ रही थी। वहीं अब रोहित शेट्टी के ऐलान ने सारी खबरों पर विराम लगा दिया है। इस खबर के सामने आने के बाद अभी कुछ ही देर पहले सलमान खान ने इस बात को अपने इंस्टाग्राम पेज शेयर किया है।

## एक नजर...

### जनसुनवाई में 105 आवेदन प्राप्त

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा



**रीवा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सौरभ सोनवणे ने जनसुनवाई की। जनसुनवाई में प्राप्त 105 आवेदन पत्रों को विभिन्न जिला अधिकारियों को भेजकर निराकरण करने के निर्देश दिये। आज हुई जनसुनवाई में मुख्य रूप से सीमांकन, नामांतरण, बटवारा एवं अतिक्रमण हटाने के आवेदन प्राप्त हुये। जिला पंचायत के सीईओ ने निर्देश दिये कि सभी संबंधित राजस्व अधिकारी पूर्ण संवेदनशीलता के साथ जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण करें। डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा ने भी जनसुनवाई की। उन्होंने सीमांकन के प्रकरणों को त्वरित निराकरण करने के लिए आरआई एवं पटवारी को निर्देश दिये।

### मऊगंज पुलिस ने जप्त किया 1 किलो 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा



दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा
पुष्पेद्र सिंह ब्यूरो (चीफ मऊगंज)

रीवा। पुलिस अधीक्षक मऊगंज डॉक्टर वीरेंद्र जैन के द्वारा अवैध मादक पदार्थ एवं नशीली वस्तुओं की रोकथाम हेतु सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिए गए थे इन्हीं निर्देशों का पालन करते हुए थाना प्रभारी मऊगंज निरीक्षक गिरीश धुर्वे ने श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मऊगंज विवेक कुमार लाल तथा अनविभागीय अधिकारी पुलिस इंद्राज सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में स्टाफ के द्वारा कल 1 किलो 800 ग्राम मादक पदार्थ गांजा जप्त कर कार्यवाही की गई है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**-मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि चाकमोड मऊगंज में माखन केवट पिता रामबहोर केवट उम्र 26 वर्ष निवासी चाकमोड मऊगंज थाना मदगंज का ओवर ब्रिज मऊगंज के पास अवैध मादक पदार्थ गांजा अपने एक थैला में रखकर बिक्री कर रहा है सूचना से तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाकर निर्देशानुसार कार्यवाही करने का निर्देश प्राप्त हुआ। थाना प्रभारी मऊगंज के नेतृत्व में स्टाफ को साथ लेकर मुखबिर द्वारा बताएं स्थान चौक मोड ओवर ब्रिज मऊगंज पहुंच जहां पर माखन केवट मिला साथ में एक सफेद रंग का थैला रखे मिला थैला को चेक किया गया तो आरोपी के पास से अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा मिला जो आरोपी माखन केवट पिता राम बहोर केवट निवासी चाकमोड मऊगंज के कब्जे से कुल 1 किलो 800 ग्राम मादक पदार्थ गांजा जप्त किया गया। तथा आरोपी के विरुद्ध धारा 20 वीएनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया।

**जप्त मसरूका**-मादक पदार्थ गांजा 1 किलो 800 ग्राम कुल कीमत 38000,ड़1200 नगदी

गिरफ्तार आरोपी-माखन केवट पिता रामबहोर केवट उम्र 26 वर्ष निवासी चाकमोड जिला मऊगंज मध्य प्रदेश।

**महत्वपूर्ण भूमिका**-थाना प्रभारी गिरीश धुर्वे, भैया मान सिंह, आरती वर्मा, नरेंद मिश्रा, अनंत कुमार मिश्रा, राजेंद्र सिंह, अवनीश पांडे, विवेक यादव, संजीव सिंह, पवन मीणा, नितेश सिंह,संजीव सिंह, जयप्रकाश तिवारी, सत्यम बागरी, सावित्री गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

### देवतालाब महाविद्यालय में आज आयोजित होगा रोजगार मेला

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा
पुष्पेंद्र सिंह ब्यूरो (चीफ मऊगंज)

रीवा। सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय महाविद्यालय देवतालाब, जिला-मऊगंज में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अन्तर्गत बेरोजगार युवक एवं युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज 4 अक्टूबर को 10 बजे से रोजगार मेला आयोजित किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एचएन गौतम ने कहा है कि महाविद्यालय के पूर्व एवं वर्तमान में अधिक से अधिक बेरोजगार छात्र-छात्राएं रोजगार मेले में शामिल होकर अपनी योग्यता के अनुरूप रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इसमें निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित 6 कंपनियां वर्क टूगेदर आनलाइन प्रगतिशील प्रा. लि. चैतन्य माइक्रो फाईनेन्स अरबन एण्ड रूरल इन्श्योरेन्स मार्केटिंग, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. गैबीनाथ कृषक प्रोडयूसर द्वारा विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किया जायेगा। रोजगार मेले में देवतालाब महाविद्यालय के साथ-साथ अन्य कालेजों के छात्र पूर्व छात्र-छात्राएं सभी सम्मिलित हो सकते हैं। ये ओपेन कैंपस सेलेक्शन है।

# 2008 में सेमरिया बनी नई विधानसभा, ब्राह्मणों का वर्चस्व, पिछले तीन चुनावों से बीजेपी का स्ट्रांग होल्ड

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा

**रीवा।** नवंबर- दिसंबर के मध्य मध्यप्रदेश में विधान सभा के चुनाव होने वाले है. प्रदेश में जल्द ही 230 सीटो में विधानसभा चुनाव होंगे जहां हर एक विधानसभा सीट कुछ अलग ही कहानी बयां करती है. आज हम बात कर रहे विंध्य क्षेत्र के रीवा जिले की जहां 8 विधानसभा सीटे हैं. इनकी प्रदेश भर में कुछ अलग ही खासियत है.सेमरिया विधानसभा सीट के बारे में यह सीट 15 वर्ष पहले यानी की 2008 में ही नई विधानसभा घोषित हुई. तब से लेकर अब तक यहां पर बीजेपी का ही कब्जा है। जातिगत समीकरण-ब्राम्हण बाहुल्य क्षेत्र होने के साथ ही सेमरिया विधानसभा में सामान्य वोटर्स की संख्या 46 त्न, इनमें ब्राह्मण 36 त्न, अजा 17त्न, ओबीसी 22त्न, एवं अजजा 13त्न कोल आदिवासी ज्यादा है.

**2008 में सेमरिया बनी नई विधानसभा**-वर्तमान में सेमरिया विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक केपी त्रिपाठी है. सेमरिया सीट में पांच साल से से यहां पर मात्र बीजेपी का दबदबा बरकरार है. वर्ष 2003 में प्रदेश में भाजपा की ही सरकार थी और तब प्रदेश की मुख्यमंत्री उमा भारती थीं. 2008 में विधान के चुनाव होने थे. उसी दौरान सेमरिया नई विधानसभा सीट बनीं प्रदेश की भाजपा सरकार ने अभय मिश्रा को बीजेपी से टिकट देकर चुनावी मैदान पर उतारा और उन्होंने उम्मीदवार लालमणि पांडे को करारी सिखस्त देते हुए जीत हासिल की. अब तक हुए तीन चुनाव, तीनों चुनाव में बीजेपी का कब्जा-2013 में हुऐ विधानसभा चुनाव की अगर बात की जाए तो सेमरिया विधानसभा सीट में बीजेपी ने चुनावी दांव पेज चलकर अभय मिश्रा की पत्नी नीलम मिश्रा को चुनावी मैदान पर उतारा. चुनाव हुए और एक बार फिर चुनावी नतीजा बीजेपी के ही पक्ष में आया.




कैंडिडेट पंकज सिंह को हराकर नीलम मिश्रा क्षेत्र से विधायक चुनी गई.इस दौरान मध्य प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान थे. समय बीता और एक बार फिर विकास को मुद्दा बनाते हुए भाजपा ने 2018 के विधानसभा चुनाव की तैयारिया शुरू कर दी. इस बार चुनाव से ठीक पहले अभय मिश्रा और उनकी पत्नी ने भाजपा का दामन छोड़कर अलविदा कह दिया. इस दौरान मध्य प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान थे. समय बीता और एक बार फिर विकास को मुद्दा बनाते हुए भाजपा ने 2018 के विधानसभा चुनाव की तैयारिया शुरू कर दी. इस बार चुनाव से ठीक पहले अभय मिश्रा और उनकी पत्नी ने भाजपा का दामन छोड़कर अलविदा कह दिया. 2018 में विधायक बने केपी त्रिपाठी-2018 में हुए विधानसभा चुनाव में केपी त्रिपाठी भाजपा की टिकट से चुनाव लड़े और अपनें प्रतिद्वंदी और काग्रेस के वरिष्ठ नेता त्रियुगी नारायण शुक्ला को हरा कर जीत हासिल की तथा सेमरिया विधानसभा में स्र्की कुर्सी पर काबिज हुए. कुल मिलाकर 3 बार के हुए विधानसभा चुनावों में हर बार नए चेहरे के साथ चुनावी मैदान में उतरी बीजेपी को यहां से प्रचंड जीत मिली है. अब देखना होगा की 2023 के आने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी केपी त्रिपाठी को ही दोबारा चुनावी मैदान पर उतारती है या फिर वही पुराना फार्मूला अपनाते हुए नए किसी नए कैंडीडेट को मैदान पर उतारा जाएगा. बता दें, सेमरिया विधानसभा से पूर्व विधायक अभय मिश्रा और नीलम मिश्रा की तो हाल ही में कांग्रेस का हाथ छोड़कर उन्होंने ने घर वापसी का रास्ता अपनाया और डोबारा भाकपा में शमिल हो गए. शमिल होते ही अभय मिश्र ने कहा था की भूलवश वह कांग्रेस के पाले में चले गए थे. इस सीट में के बीच कांटे की टक्कर-सेमरिया भले ही वर्ष 2008 में अस्तित्व में आई और परिसीमन के बाद नई विधानसभा घोषित हुई. 2008 व 2013 के विधानसभा चुनाव में यहां बीच ही कांटे की टक्कर देखने को मिली. 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस दूसरे स्थान पर रही. अब 2023 में जो समीकरण निकल कर समाने आ रहे हैं. उससे ऐसा प्रतीत होता है कि इस बार के चुनाव में बीजेपी कांग्रेस और तीनो ही पार्टियों के बीच कांटे टक्कर हो सकती है. कांग्रेस जिताऊ कैंडिडेट की तलाश कर रही तो वहीं बीजेपी ने भी अभी अपना प्रत्याशी घोषित नही किया है. अब देखना होगा की बीजेपी केपी त्रिपाठी को चुनावी मैदान में उतार कर दोबारा उनपर भरोसा जताती है या कही चुमावी गुणाभाग में उलझकर बीजेपी कोई और फैसला न लेती है.

## ग्राम पंचायत बड़गांव में 1 वर्ष में बदले गए पांच सचिव पंचायत का कार्य हो रहा प्रभावित

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा

गुढ़। रीवा जिले के रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़गांव की व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है यहां राजनीति के अलावा कोई कार्य नहीं हो रहे हैं ग्राम पंचायत बड़ागांव का ऐसा हाल है कि ग्रामीण जन परेशान है किसी भी प्रकार का कार्य नहीं किया जा रहा है 1 वर्ष में पांच सचिवों का स्थानांतरण हो चुका है अभी तक कोई स्थाई सचिव नहीं आ पा रहे हैं हाल ही में अभी बड़ागांव पंचायत में प्रवीण सिंह को सचिव नियुक्त किया गया है जो कि वह अनुकंपा नियुक्त से हैं उनको किसी भी प्रकार की ट्रेनिंग नहीं दी गई सीधे जनपद मुख्यालय से ग्राम पंचायत बड़ागांव में स्थाई सचिव पद पर पदस्थापना की गई है नव नियुक्त सचिव होने के कारण वह भी कार्य करने में मुश्किल समझ रहे हैं जब नवनियुक्त सचिव प्रवीण सिंह से बात की गई तो उनके द्वारा कहा गया कि हमको किसी भी प्रकार की अभी तक पंचायत में कार्य करने की ट्रेनिंग नहीं दी गई है तो हम कैसे कार्य कर पाएंगे




और वैसे भी बड़ागांव पंचायत बड़ा पंचायत है इसलिए हमको अधिकारियों से गुजारिश है कि छोटे पंचायत में पदस्थापना की जाए ताकि हम आसानी से अपने कार्य का निर्वहन कर सकें।

**1 वर्ष में पांच सचिवों का हुआ ट्रांसफर**-ग्राम पंचायत बड़गांव का ऐसा दुर्भाग्य है कि कोई भी सचिव पंचायत में नहीं टिक पा रहे हैं हम बात करें तो 1 वर्ष में पांच सचिव का स्थानांतरण हो चुका है पहले तो नर्मदा साकेत की पदस्थापना की गई इसके बाद उनको स्थानांतरित करके बलराम त्रिपाठी को फिर उनको स्थानांतरित करने के बाद रमेश तिवारी को फिर रमेश तिवारी को स्थानांतरित करके प्रमोद साकेत को अब प्रमोद साकेत के बाद प्रवीण सिंह की पदस्थापना किया गया है जो कि वह नवनियुक्त सचिव हैं उनका ग्राम पंचायत बड़ागांव पहली पोस्टिंग है और उनको किसी भी प्रकार की ट्रेनिंग नहीं दी गई है इसलिए वह भी बड़े पंचायत में कार्य करने से झिझक रहे हैं।

**क्या कहते हैं नवनियुक्त सचिव**-जब इस मैटर पर नवनियुक्त सचिव प्रवीण सिंह जी से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि अभी हम दो महीना पहले ही जनपद मुख्यालय में पदस्थ हुए हैं इसके बाद हमको सचिव के रूप में पहला पंचायत बड़ागांव सौपा गया अभी हमको किसी भी प्रकार की ट्रेनिंग नहीं दी गई है ना ही हमको सचिव पद में कार्य करने का अनुभव है इसलिए हमको जनपद मुख्यालय में ही रखा जाए या तो कोई छोटी पंचायत सौंप दी जाए जिसमें हम अपना कार्य निर्वहन करें और पूरा कार्य सीख जाएं।

## आम के पेड़ पर आदिवासी युवक की लटकती मिली लाश परिजनों का आरोप, की गई है हत्या, परिजनों ने नेशनल हाईवे सड़क को किया जाम

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा
पुष्पेंद्र सिंह ब्यूरो (चीफ मऊगंज)

मऊगंज। देवतालाब विधानसभा अंतर्गत सुअरहा निवासी संतोष कोल की आम के पेड़ पर लटकती लाश मिली। परिजनों ने आरोप लगाया है की हत्या की गई है, जिसके उपरांत परिवार द्वारा उचित कार्यवाही को लेकर रघुनाथगंज नेशनल हाईवे जाम किया गया। बीच सड़क पर युवक की लाश रख कर परिजनों ने किया नेशनल हाईवे सड़क को जाम। मिली जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 7-00 गांव के आदिवासी युवक की आम के पेड़ पर लटकती लाश



मिली। इस घटना के बाद परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक के परिजनों का कहना है की हत्या की गई है इस घटना को लेकर नेशनल हाईवे पर चक्का जाम कर दिया गया है बीच सड़क पर युवक की लाश रखी गई है जिसके चलते ला एंड ऑर्डर की स्थिति बन चुकी है आसपास थानों की पुलिस मौके पर मौजूद रही। परिजनों के द्वारा लगातार हत्या करने की बात कही जा रही थी, और हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की जा रही थी। रघुनाथगंज बाईपास में लगभग 2 घंटे नेशनल हाईवे जाम रहा।

## खरीफ में 1016.82 हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी का लक्ष्य निर्धारित

### खरीफ सत्र के दौरान समय पर किसानों को उन्नत बीज एवं उर्वरक का करें वितरणः कमिश्नर

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा
विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)

रीवा। संभागायुक्त अनिल सुचारी ने टीएल बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिये कि खरीफ सत्र के दौरान किसानों को समय पर प्रभाणित बीज एवं उर्वरक का वितरण करें। खरीफ में संभाग के लिये निर्धारित किये गये बोनी के लक्ष्य 10 लाख 16 हजार 82 हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी की जाये। उन्होंने कहा कि किसानों को यूरिया एवं डीएपी उर्वरक उपलब्ध कराने के लिये पर्याप्त मात्रा में उर्वरक का भण्डारण करें। संभाग में समितियों के साथ ही नगद देकर उर्वरक क्रय करने के लिये केन्द्रों का चिन्हांकन कर प्रारंभ करें। उन्होंने उज्जवला योजना के तहत लाड़ली बहनों को गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराने, सर्वाजनिक वितरण प्रणाली के तहत अन्न उत्सव के पूर्व शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न का भण्डारण करने, हितग्राहियों के ईकेवाईसी बनाने तथा मोबाइल फीडिंग करने के निर्देश दिये। सहकारिता विभाग की समीक्षा के दौरान संभाग में डेयरी प्रारंभ करने के लिये सहकारी समितियों का पंजीयन करने के लिये कहा। कमिश्नर ने ऋण वितरण के प्रगति की समीक्षा के दौरान सहकारी बैंक द्वारा दिये गये ऋण की वसूली करने पर जोर दिया। पशुपालन की समीक्षा के दौरान पशुओं में फैल रहे लम्पी रोग के निवारण के लिये टीकाकरण अभियान चलाने, अफ्रीकन स्वाइन फीवर के लिये टीकाकरण करने के लिये कहा। कमिश्नर ने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप गौशालाओं का संचालन एवं संधारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग गुण नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत बीज विक्रेता एवं उर्वरक विक्रेता द्वारा अमानक बीज उर्वरक एवं कीटनाशी दवाई



बेचने पर उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराये। समीक्षा में बताया गया कि खरीफ सत्र में धान, ज्वार, मक्का एवं कोदो-कुटकी तथा दलहन की बोनी 10 लाख 20 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में की जायेगी। बोनी के लिये एक लाख 225 धक्कटल प्रमाणित बीज का वितरण किया जा रहा है। मार्कफेड द्वारा 44242.52 मैट्रिक टन यूरिया का तथा 28414 मैट्रिक टन डीएपी का भण्डारण किया गया है। कमिश्नर ने कहा कि उर्वरक का अग्रिम भण्डारण सुनिश्चित किया जाये।

कमिश्नर की समीक्षा के दौरान उद्यानिकी विभाग ने बताया कि संभाग में खरीफ सत्र में 405740 रकवे में उद्यानिकी फसलों की बोनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें से 68446 हजार हेक्टेयर में फल उद्यान लगाया जायेगा। 128348 रकवे में उद्यानिकी फसले लगायी जायेगी। सब्जी, मशाला पुष्प 196794 हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी की जायेगी। एकीकृत बागबानी योजना के अन्तर्गत 168.400 हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी की गयी है। सब्जी क्षेत्र विस्तार योजना के अन्तर्गत 532.300 हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी की जायेगी। 29 हजार 500 हेक्टेयर क्षेत्र में मसाला की बोनी होगी। संरक्षित खेती योजना के अन्तर्गत 3 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में पाली हाउस का निर्माण कर उद्यानिकी फसल लगाई जायेगी। उन्होंने ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि अवाध विद्युत वितरण के पुख्ता इंतजाम किये जाये। बताया गया कि संभाग में 62186 ट्रान्सफार्मर लगे हुए हैं। विभिन्न कारणों से 4 हजार खराब ट्रान्सफार्मरों में से 3246 ट्रान्सफार्मर बदल दिये गये हैं। शेष ट्रान्सफार्मरों को बदलने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर उपभोक्ताओं से देयक जमा कराकर ट्रान्सफार्मर बदल दिये जायेंगे। बैठक में जानकारी दी गयी कि संभागीय मुख्यालय में 24 घण्टे विद्युत प्रदाय की जाती है। जिला मुख्यालय में 23.30 घंटे, तहसील मुख्यालय में 23.30 घण्टे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 22 घण्टे विद्युत प्रदाय की जा रही है। उन्होंने शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान नि-शुल्क साइकिल प्रदाय योजना, छात्रवृत्ति वितरण, नि- गणवेश वितरण, नि- पाठ-पुस्तक का वितरण एवं ई-स्कूटी वितरण की समीक्षा की। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 764 निर्माण कार्यों में से 161 निर्माण कार्य पूर्ण हो गये हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत 1519 सड़कों में से 1503 सड़कों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। बैठक में संभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478